Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 94 | बुधवार, 08 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भारत के सबसे उन्नत परमाणु रिएक्टर ने पार किया पहला पड़ाव

## क्रिटिकैलिटी स्टेज तक पहुंचा प्रोटोटाइप पीएफबीआर

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को अपने नागरिक परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एक लंबे समय से प्रतीक्षित मील का पत्थर हासिल कर लिया। देश का सबसे उन्नत परमाणु रिएक्टर तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (PFBR) क्रिटिकैलिटी स्टेज तक पहुंच गया है। इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत की परमाणु यात्रा में एक निर्णायक क्षण बताया।

### पीएम ने PFBRकी नई उपलब्धि पर बधाई दी

प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, 'आज, भारत अपनी नागरिक परमाणु यात्रा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है, जिससे उसके परमाणु कार्यक्रम का दूसरा चरण आगे बढ़ रहा है। कलपक्कम में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है।' उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि 'हमारी वैज्ञानिक क्षमता की गहराई और हमारी इंजीनियरिंग उद्यम की ताकत' को दशार्ती है।

भविष्य में भारत के विशाल थोरियम भंडारों का उपयोग करने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है। मालूम हो कि क्रिटिकैलिटी वह स्टेज है, जहां रिएक्टर एक स्व स्थायी परमाणु विखंडन प्रतिक्रिया प्राप्त कर लेता है। इस स्थिति में उत्पन्न न्यूट्रॉनों की संख्या प्रतिक्रिया को बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के जारी रखने के लिए पर्याप्त होती है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि रिएक्टर अभी पूरी क्षमता





से बिजली उत्पन्न कर रहा है, लेकिन किसी भी परमाणु संयंत्र को चालू करने की प्रक्रिया में यह सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक है।

### 500 मेगावाट बिजली होगी तैयार

PFBRजो कि 500 मेगावाट क्षमता वाला एक सोडियम-कूल्ड फास्ट ब्रीडर रिएक्टर है। इसको तैयार होने में दो दशकों से अधिक का समय लगा है। इसके निर्माण में भारत के परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान द्वारा अब तक की सबसे जटिल इंजीनियरिंग और सामग्री संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस रिएक्टर को परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत आने वाले 'भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड' (BHAVINI) द्वारा विकसित और संचालित किया जाता है। यह रिएक्टर कलपक्कम स्थित 'इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र' (IGCAR) के परिसर में स्थित है। भारत के शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए इसे एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए। परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ अजीत कुमार मोहंती ने कहा कि कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने अपनी 'पहली क्रिटिकैलिटी' हासिल कर ली है। यह उपलब्धि भारत के उस तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश का प्रतीक है। जिसकी परिकल्पना होमी जहांगीर भाभा ने की थी।

### वैश्विक स्तर पर इस तकनीक का रूस कर रहा इस्तेमाल

आज, भारत ने देश में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है। भारत ने डॉ. होमी जहांगीर भाभा द्वारा परिकल्पित तीन-चरणों वाले परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया है। डॉ. भाभा को हमारे देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का जनक माना जाता है। वैश्विक स्तर पर, वर्तमान में केवल रूस ही एक कार्यरत वाणिज्यिक फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का संचालन कर रहा है, जो इस उपलब्धि की तकनीकी विशिष्टता को रेखांकित करता है। अतीत में कई अन्य देशों ने भी ब्रीडर रिएक्टर कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया था, लेकिन लागत, सुरक्षा संबंधी चिंताओं और तकनीकी जटिलताओं के कारण उन्होंने इन कार्यक्रमों को त्याग दिया। यह उपलब्धि भारत के व्यापक जलवायु और ऊर्जा लक्ष्यों के भी अनुरूप है। सरकार ने कम कार्बन और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों की दिशा में अपने प्रयासों के तहत, 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 100 गीगावाट करने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। PFBR जैसे 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों' को संभावित 'गेम चेंजर' के रूप में देखा जा रहा है, जो कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाने के साथ-साथ दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम हैं।

## लश्कर का खतरनाक नेटवर्क बेनकाब, 19 जगह छापे पड़ने के बाद फरार आतंकी अब्दुल्ला अबू हुरैरा समेत कई गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि पकड़े गए लोगों में अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा भी शामिल है, जो पिछले सोलह वर्षों से फरार चल रहा था और इस दौरान उसने जम्मू-कश्मीर के बाहर भी अपने ठिकाने स्थापित कर लिए थे। अधिकारियों के अनुसार इस



अभियान में एक अन्य आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से अंजाम दी गई, जिससे इस नेटवर्क की गहराई तक पहुंचना संभव हो सका।

## मणिपुर में फिर दहला बिष्णुपुर, रॉकेट हमले में दो मासूमों की मौत, माँ गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**मणिपुर।** मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष ने एक बार फिर खौफनाक मोड़ ले लिया है। मंगलवार, 7 अप्रैल की सुबह बिष्णुपुर जिले के एक रिहायशी इलाके पर हुए संदिग्ध रॉकेट या मोर्टार हमले में दो मासूम बच्चों की जान चली गई। इस हमले ने घाटी वाले इलाकों में भारी जनाक्रोश पैदा कर दिया है, जिससे राज्य में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुँच गया है। यह हृदयविदारक घटना मोइरांग के ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई गाँव में हुई। निशाना बनाया गया घर सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवान ओइनम मालेमंगनबा का था, जो वर्तमान में राज्य से बाहर तैनात




हैं। सुबह का समय, जब परिवार घर के भीतर था। शुरूआती जांच के अनुसार, पास की पहाड़ियों से एक लंबी दूरी का गोला (प्रोजेक्टाइल) दागा गया। हमले में ओइनम का 5 साल का बेटा और मात्र 5 महीने का शिशु बुरी तरह घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पत्नी, 37 वर्षीय बिनिता, छर्रों की गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं।

### बच्चों की इलाज के दौरान मौत, माँ की हालत गंभीर

उन्हें तुरंत इंफाल के एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान दोनों बच्चों की मौत हो गई। बिनिता का धमाके में लगी छर्रों की चोटों का इलाज चल रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि गोला गिरने के कुछ ही देर बाद एक जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे गाँव में दहशत फैल गई। यह इलाका लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है ट्रोंगलाओबी, चुराचांदपुर ज़िले की तलहटी के करीब स्थित है। यह इलाका इसलिए भी संवेदनशील माना जाता है क्योंकि इसके आसपास ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ माना जाता है कि सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। गाँव वालों का दावा है कि पहले भी आसपास की पहाड़ियों पर ऊँची जगहों से गोले दागे गए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि कई किलोमीटर दूर से लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## एअर इंडिया में बड़ा बदलाव: सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पद से दिया इस्तीफा, नए चेहरे की तलाश तेज

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के मौजूदा सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, कंपनी ने उनसे कहा है कि वे नए सीईओ की नियुक्ति तक अपने पद पर बने रहें, ताकि नेतृत्व में बदलाव आसानी से हो सके। बताया जा रहा है कि उनका कार्यकाल अगले साल सितंबर तक था, लेकिन उन्होंने पहले ही संकेत दे दिया था कि वे अपना कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

इसी वजह से कंपनी ने जनवरी 2026 से ही नए सीईओ की तलाश शुरू कर दी थी। अब इस प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है और अगले हफ्ते इस पर अहम बैठक होने वाली




है। कैंपबेल विल्सन ने जुलाई 2022 में एअर इंडिया की कमान संभाली थी।

इससे पहले उन्होंने करीब 26 साल तक सिंगापुर एयरलाइंस में काम किया, जहां उन्होंने कई बड़े पदों पर जिम्मेदारी निभाई। उनके कार्यकाल के दौरान एअर इंडिया में कई बड़े बदलाव किए गए।

# खाकी का 'संकल्प' और अपराधियों का 'काल': एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी



## दरभंगा की गलियों से गाजियाबाद के 'कमान' तक

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद। कहते हैं कि मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। बिहार के दरभंगा की मिट्टी से उपजा एक ऐसा ही 'हौसला' आज गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की सुरक्षा दीवार को मजबूती दे रहा है। आईपीएस केशव कुमार चौधरी (2009 बैच) केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद आसमान छूने का जज्बा रखते हैं।**

### यूपीएससी का सफर: दूसरे प्रयास में गाड़ा सफलता का झंडा

9 जनवरी 1981 को जन्मे केशव कुमार चौधरी का बचपन कलेक्ट्रेट की फाइलों और अनुशासन के बीच बीता। पिता कलेक्ट्रेट में कार्यरत थे, इसलिए प्रशासनिक गलियारों की सेवा और सम्मान को उन्होंने करीब से देखा था। दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास और राजनीति विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करने के बाद, उन्होंने यूपीएससी को अपना लक्ष्य बनाया। पहले प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंचने के बाद जब अंतिम चयन नहीं हुआ, तो उन्होंने हार मानने के बजाय अपनी कमियों को ताकत बनाया। परिणाम स्वरूप, वर्ष 2009 में 137वीं रैंक हासिल कर उन्होंने आईपीएस की वर्दी पहनी।




### जीवन का मूलमंत्र: सादगी और अनुशासन

केशव कुमार चौधरी के जीवन से जुड़ी एक बात जो उन्हें सबसे अलग बनाती है, वह है उनकी 'जड़ों से जुड़ाव'। केशव कुमार चौधरी आज भी अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के अनुशासन और दरभंगा की उस साधारण परवरिश को देते हैं। वे अक्सर युवा अभ्यर्थियों से कहते हैं, 'सफलता शॉर्टकट से नहीं, बल्कि सही रणनीति और ईमानदारी से मिलती है'। ड्यूटी के दौरान वे किसी भी मामले की तह तक जाने के लिए जाने जाते हैं, चाहे वह आधी रात को बीहड़ में डकैतों का पीछा करना हो या शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना।

### गाजियाबाद में 'स्मार्ट और सख्त' पुलिसिंग का चेहरा

गाजियाबाद में एडिशनल पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी संभालने के बाद केशव कुमार चौधरी ने तकनीकी और फील्ड पुलिसिंग के बीच एक शानदार संतुलन बनाया है, अपराध पर प्रहार करने के लिए उन्होंने गाजियाबाद में स्ट्रीट क्राइम को रोकने के लिए 'इंटेलिजेंस बेस्ड पुलिसिंग' पर जोर दिया । आगरा और झांसी का अनुभव लेकर जब वे गाजियाबाद आए, तो उन्होंने विभाग के भीतर अनुशासन और जनता के प्रति जवाबदेही को प्राथमिकता दी, केशव कुमार चौधरी के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 2021 में डीजीपी सिल्वर डिस्क और 2024 के स्वतंत्रता दिवस पर डीजीपी गोल्ड डिस्क से सम्मानित किया गया, जो उनकी अटूट कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है।

### डकैतों के लिए 'खौफ' और जनता के लिए 'रक्षक'

केशव कुमार चौधरी की कार्यशैली की चर्चा उत्तर प्रदेश के कोने–कोने में रही है। विशेषकर चित्रकूट में तैनाती के दौरान उन्होंने बीहड़ों में जो पराक्रम दिखाया, उसे आज भी याद किया जाता है। डकैतों के खिलाफ चलाए गए उनके विशेष अभियान ने कई कुख्यात गिरोहों का सफाया कर दिया और सालों से डरे हुए ग्रामीणों के मन में खाकी के प्रति विश्वास जगाया। झांसी में डीआईजी और बहराइच में एसएसपी के रूप में उनके 'एक्शन' ने अपराधियों की कमर तोड़ दी थी।

### गाजियाबाद पुलिसिंग में बड़ा बदलाव

एडिशनल सीपी के तौर पर उन्होंने गाजियाबाद में पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाना और पुलिस रिस्पांस टाइम को कम करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उनके आने के बाद गाजियाबाद पुलिसिंग में एक 'प्रोफेशनल' बदलाव महसूस किया गया है। अनुभव का विशाल समंदर और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता- यही केशव कुमार चौधरी की पहचान है। गाजियाबाद कमिश्नरेट को उनके जैसे अनुभवी और जांबाज अधिकारी का साथ मिलना, शहर की सुरक्षा के लिए एक सुखद गारंटी है।


## '55 साल पुराना अंजाम मत भूलो, बंगाल पर नजर उठाई तो खुदा जाने कितने टुकड़े होंगे'

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के भड़काऊ बयान पर तीखा पलटवार किया है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि वे 55 साल पहले के अंजाम को न भूलें जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि अगर इस बार पाकिस्तान ने बंगाल की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो खुदा ही जाने उसके कितने टुकड़े होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी नेतृत्व को संयम बरतने और इतिहास से सीख लेने की सलाह दी है। बैरकपुर में चुनावी रैली के दौरान राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की धमकी और उस पर तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अभिषेक बनर्जी ने सवाल उठाया था कि पाकिस्तानी धमकी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप क्यों हैं। इस पर पलटवार करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते वह खुद इस मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं और यह जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रधानमंत्री ही बोलें। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और रक्षा मामलों पर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजनाथ सिंह ने दोटूक शब्दों में कहा कि वह देश के रक्षा मंत्री हैं और रक्षा से जुड़े विषयों पर बोलने के लिए पूरी तरह अधिकृत हैं।

### पाकिस्तान को राजनाथ सिंह का करारा जवाब

दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में भारत को लेकर एक विवादित बयान दिया



था। रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई भी कार्रवाई होती है तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके उसका जवाब देगा। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह की भड़काऊ बातें नहीं करनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को अपनी गलतियों की सजा मिली थी और बांग्लादेश के रूप में उसके दो टुकड़े हो गए थे।

इस पूरे मामले को लेकर पश्चिम बंगाल में राजनीति भी हो रही है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा था। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने सीधे तौर पर कोलकाता को निशाना बनाने की धमकी दी है लेकिन केंद्र सरकार के बड़े नेताओं ने अभी तक इसकी कड़ी निंदा करने की हिम्मत नहीं जुटाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चुनाव प्रचार में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें बंगाल की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। अभिषेक बनर्जी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि खुद को 56 इंच का बताने वाले प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह बाहरी खतरों पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बंगाल के लोगों की जिंदगी उनके लिए मायने नहीं रखती।

## संपादक की कलम से

# वैचारिकता से मजबूत होती मानसिकता



ललित शर्मा
संपादक

मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं।

## गधों पर दाँव

डॉ. सत्यवान सौरभ

कविता



गधों पर दाँव लगाओगे तो रेस क्या जीतोगे,
ऐसी चोट खाओगे कि चलना भी भूल जाओगे।

झूठों के साथ रहोगे तो सच कहाँ पाओगे,
आईना जब दिखेगा, नजरें भी चुरा जाओगे।

भीड़ के संग चलोगे तो खुद को कहाँ पाओगे,
राह अपनी न चुनी तो मंज़िल भी गंवा जाओगे।

अहंकार की आग में खुद को ही जलाओगे,
राख बनकर एक दिन, पछताते रह जाओगे।

सच्चे रिश्ते छोड़कर मतलब में उलझ जाओगे,
वक़्त जब बदलेगा तो तनहा ही रह जाओगे।

मेहनत से जो भागे, क्या मुकाम पाओगे,
ख़्वाब अधूरे रहेंगे, यूँ ही सोते रह जाओगे।

काबिलों को छोड़कर नाकाबिल अपनाओगे,
डूबती उस नाव में खुद भी उतर जाओगे।

'मन' की बात न सुनोगे तो सुकून कहाँ पाओगे,
ज़िंदगी के मोड़ पर बस भटकते रह जाओगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रील संस्कृति में साहित्य बना 'कंटेंट'



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



> तथाकथित कवि/कवयित्रियाँ सतही या बनावटी पंक्तियों के सहारे साहित्य का आवरण ओढ़कर, मूलत: आकर्षण-केन्द्रित प्रस्तुति को बढ़ावा दे रही हैं। जहाँ कविता संवेदनाओं की सच्ची अभिव्यक्ति होनी चाहिए, वहीं उसे कई बार केवल ध्यान खींचने का माध्यम बना दिया जाता है। इससे न केवल कविता की विश्वसनीयता प्रभावित होती है, बल्कि गंभीर और सार्थक साहित्यिक प्रयास भी हाशिए पर चले जाते हैं। जब साहित्य जैसे गंभीर विषय को प्रस्तुत किया जाता है, तो उसमें एक संतुलन और शालीनता अपेक्षित होती है। दुर्भाग्यवश, कई बार यह संतुलन केवल दर्शकों का ध्यान खींचने की कोशिश में खो जाता है, जिससे साहित्य की गंभीरता प्रभावित होती है।

डिजिटल युग ने अभिव्यक्ति के स्वरूप को अभूतपूर्व गति और विस्तार दिया है। आज हर व्यक्ति के हाथ में एक मंच है-एक ऐसा मंच, जहाँ वह अपनी बात तुरंत लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है। यह लोकतंत्रीकरण अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। परंतु हर शक्ति के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। दुर्भाग्यवश, इस जिम्मेदारी का संतुलन कई बार बिगड़ता हुआ दिखाई देता है, विशेषकर तब जब उद्देश्य अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि केवल लोकप्रियता रह जाता है।

रील संस्कृति इसी असंतुलन का एक प्रमुख उदाहरण है। कुछ सेकंड के वीडियो में प्रभाव पैदा करने की होड़ ने अभिव्यक्ति को त्वरित, संक्षिप्त और कई बार सतही बना दिया है। साहित्य, जो मूलतः धैर्य, गहराई और चिंतन की मांग करता है, वह इस त्वरित उपभोग की संस्कृति में स्वयं को असहज महसूस कर रहा है। अधूरी पंक्तियाँ, संदर्भहीन उद्धरण और बनावटी भाव-ये सब मिलकर साहित्य को एक 'उत्पाद' में बदल रहे हैं, जिसका उद्देश्य केवल ध्यान आकर्षित करना है।

आज 'वायरल होना' ही सफलता का पैमाना बन गया है। इस मानसिकता ने सृजन की प्रक्रिया को प्रभावित किया है। लेखक अब यह सोचकर लिखता है कि क्या यह सामग्री लोगों को तुरंत आकर्षित करेगी, न कि यह कि क्या यह विचार समाज के लिए सार्थक है। परिणामस्वरूप, गहराई की जगह चटकपन और संवेदना की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। यह प्रवृत्ति न केवल साहित्य के साथ अन्याय है, बल्कि समाज के बौद्धिक स्तर को भी प्रभावित करती है।

साहित्य का मूल उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं है। वह समाज का दर्पण है, जो उसकी वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है और उसके अंतर्विरोधों को उजागर करता है। कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया, तुलसीदास ने आस्था और मर्यादा का संदेश दिया, प्रेमचंद ने समाज के यथार्थ को उजागर किया और महादेवी वर्मा ने संवेदनाओं की सूक्ष्मता को शब्द दिए। इन सभी रचनाकारों की कृतियाँ समय की कसौटी पर इसलिए खरी उतरीं क्योंकि उनमें गहराई, ईमानदारी और सामाजिक प्रतिबद्धता थी।

इसके विपरीत, आज का एक बड़ा वर्ग साहित्य को केवल प्रस्तुति का माध्यम मान बैठा है। शब्दों की सुंदरता से अधिक महत्व उनके प्रदर्शन को दिया जा रहा है। रील्स में प्रस्तुत की जाने वाली कविताएँ कई बार न तो मौलिक होती हैं और न ही उनमें कोई गहन भाव होता है। वे केवल इस उद्देश्य से बनाई जाती हैं कि दर्शक कुछ क्षणों के लिए आकर्षित हों और 'लाइक' या 'शेयर' कर दें।

रील संस्कृति का एक और चिंताजनक पहलू है-अभिव्यक्ति की शालीनता में गिरावट। भाषा का स्तर, उच्चारण की स्पष्टता और प्रस्तुति की गरिमा-ये सभी तत्व किसी भी साहित्यिक अभिव्यक्ति के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। लेकिन जब इनकी अनदेखी की जाती है, तो साहित्य का स्वरूप विकृत हो जाता है। कई बार तो स्थिति यह होती है कि मूल रचना का भाव ही पूरी तरह बदल जाता है।

परिधान और दृश्यात्मक प्रस्तुति को लेकर भी बहस तेज हो गई है। यह स्वीकार करना होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन हर अधिकार के साथ मर्यादा और जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब साहित्य जैसे गंभीर विषय को प्रस्तुत किया जाता है, तो उसमें एक संतुलन और शालीनता अपेक्षित होती है। दुर्भाग्यवश, कई बार यह संतुलन केवल दर्शकों का ध्यान खींचने की कोशिश में खो जाता है, जिससे साहित्य की गंभीरता प्रभावित होती है। हालाँकि, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम इस पूरी स्थिति को एकांगी दृष्टिकोण से न देखें। सोशल मीडिया ने कई ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों को मंच दिया है, जो पारंपरिक प्रकाशन व्यवस्था तक नहीं पहुँच पाते थे। आज छोटे-छोटे शहरों और गाँवों से भी लोग अपनी रचनाएँ साझा कर रहे हैं और पहचान बना रहे हैं। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसे नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, समस्या माध्यम में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के तरीके में है। रील्स भी एक प्रभावी माध्यम हो सकती हैं, यदि उनका उपयोग सार्थक साहित्य प्रस्तुत करने के लिए किया जाए। कुछ रचनाकार इस दिशा में अच्छा कार्य भी कर रहे हैं-वे संक्षिप्तता में भी गहराई बनाए रखते हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते हैं। यह दशार्ता है कि यदि नीयत सही हो, तो कोई भी माध्यम साहित्य के प्रसार का सशक्त उपकरण बन सकता है।

आवश्यकता इस बात की है कि हम एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएँ। हमें न तो रील संस्कृति को पूरी तरह खारिज करना चाहिए और न ही उसे बिना किसी आलोचना के स्वीकार करना चाहिए। इसके बजाय, हमें यह समझने की जरूरत है कि किस प्रकार इस माध्यम का उपयोग साहित्य के उत्थान के लिए किया जा सकता है।

शिक्षा संस्थानों की भूमिका इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि छात्रों को प्रारंभ से ही साहित्य की गहराई और उसकी सामाजिक भूमिका के बारे में जागरूक किया जाए, तो वे केवल सतही सामग्री से प्रभावित नहीं होंगे। साहित्यिक संगठनों और मंचों को भी चाहिए कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए गुणवत्ता युक्त सामग्री को बढ़ावा दें और रचनाकारों को सही दिशा प्रदान करें।

इसके साथ ही, दर्शकों और पाठकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जब तक दर्शक सतही सामग्री को बढ़ावा देते रहेंगे, तब तक उसका उत्पादन भी जारी रहेगा। यदि वे गुणवत्ता और गहराई को प्राथमिकता देंगे, तो स्वाभाविक रूप से रचनाकार भी उसी दिशा में प्रयास करेंगे।

अंततः, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है-रचनाकारों, दर्शकों, शिक्षकों और समाज के प्रत्येक जागरूक व्यक्ति की। हमें यह तय करना होगा कि हम साहित्य को क्षणिक लोकप्रियता की भेंट चढ़ाना चाहते हैं या उसे उसकी गरिमा और गहराई के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं।

रील संस्कृति को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसे दिशा दी जा सकती है। यदि हम सजग रहें और संतुलन बनाए रखें, तो यही माध्यम साहित्य के प्रसार का एक प्रभावी साधन भी बन सकता है।

साहित्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं है; यह समाज की चेतना, उसकी संवेदनाओं और उसके मूल्यों का प्रतिबिंब है। यदि यह प्रतिबिंब धुंधला पड़ जाएगा, तो समाज की सोच भी अस्पष्ट हो जाएगी। इसलिए यह समय है सजग होने का, साहित्य की गरिमा को पहचानने का और उसे डिजिटल युग में भी उसी सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का, जिसका वह हकदार है।

# 2030 का मार्ग: कौशल-आधारित शिक्षा किस प्रकार भारत के कार्यबल को बदल सकती है



डॉ विजय गर्ग
लेखक

भारत अपनी आर्थिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण पर खड़ा है। विश्व की सबसे युवा आबादी में से एक होने के कारण, देश अपने जनसांख्यिकीय लाभ को विकास का एक शक्तिशाली इंजन बनाने की क्षमता रखता है। फिर भी, यह वादा एक महत्वपूर्ण कारक -कौशल पर निर्भर करता है। व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से कक्षा में सीखने और वास्तविक रोजगार के बीच की खाई को पाटना यह निर्धारित कर सकता है कि क्या भारत 2030 तक वैश्विक प्रतिभा केंद्र बन जाएगा।

## कौशल अंतर चुनौती

उच्च शिक्षा में प्रगति के बावजूद, भारत को शिक्षा और रोजगार क्षमता के बीच महत्वपूर्ण असंगति का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यबल के एक बड़े हिस्से में औपचारिक प्रशिक्षण का अभाव है, तथा लगभग 65% लोगों को कभी व्यावसायिक या तकनीकी शिक्षा प्राप्त नहीं हुई।

साथ ही, उद्योगों ने नौकरी के लिए तैयार प्रतिभा को खोजने में कठिनाई की सूचना दी है, जो शैक्षणिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के बीच गहरे अंतर को उजागर करता है।

चुनौती का पैमाना बहुत बड़ा है। अनुमान है कि 2030 तक भारत को हर साल लाखों कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी, साथ ही लगभग 29 मिलियन कुशल पेशेवरों की संभावित कमी का भी सामना करना पड़ेगा।

तत्काल कार्रवाई के बिना, यह अंतर आर्थिक विकास को धीमा कर सकता है और लाखों युवाओं के अवसरों को सीमित कर सकता है।

## व्यावसायिक शिक्षा: लुप्त कड़ी

व्यावसायिक शिक्षा, उद्योग से संबंधित व्यावहारिक कौशल पर ध्यान केंद्रित करके एक प्रत्यक्ष समाधान प्रदान करती है। पारंपरिक शैक्षणिक मार्गों के विपरीत, यह छात्रों को विशिष्ट करियर के लिए तैयार करता है। विनिर्माण और स्वास्थ्य देखभाल से लेकर डिजिटल प्रौद्योगिकियों और हरित ऊर्जा तक।

भारत ने स्किल इंडिया मिशन और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के विशाल नेटवर्क जैसी पहलों के माध्यम से इस दिशा में पहले ही कदम उठाए हैं, जिनकी संख्या देश भर में लगभग 15,000 है। ये संस्थाएं युवाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान करने और रोजगार क्षमता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उत्साहजनक रूप से, रोजगार क्षमता का स्तर बढ़ रहा है, जो हाल के वर्षों में 56% से अधिक हो गया है। हालाँकि, भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए इस प्रगति में तेजी आनी चाहिए।

## कार्य की बदलती प्रकृति

भविष्य के कार्यबल को बुनियादी कौशल से अधिक की आवश्यकता होगी। तीव्र तकनीकी परिवर्तन उद्योगों में नौकरी की भूमिकाओं को नया रूप दे रहा है।

2030 तक, अधिकांश श्रमिकों को पुनः प्रशिक्षण या कौशल उन्नयन की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान कौशल का लगभग 40% पुराना हो सकता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्र पहले से ही नई क्षमताओं की मांग को बढ़ा रहे हैं।

हाल की जानकारी से पता चलता है कि ये डिजिटल कौशल भारत के विकसित हो रहे रोजगार बाजार में रोजगार योग्यता के लिए आवश्यक होते जा रहे हैं।

इसलिए, व्यावसायिक शिक्षा को पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़ना चाहिए तथा आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रशिक्षण को अपनाना चाहिए।

## कक्षा-उद्योग विभाजन को पाटना

भारत की शिक्षा प्रणाली में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तालमेल का अभाव। व्यावसायिक शिक्षा स्कूलों, प्रशिक्षण संस्थानों और नियोक्ताओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देकर इस अंतर को पाट सकती है।

## प्रमुख रणनीतियों में शामिल हैं

**उद्योग साझेदारी:** कंपनियां पाठ्यक्रम तैयार करने में मदद कर सकती हैं और इंटर्नशिप की पेशकश कर सकती हैं।

**प्रशिक्षुता:** वास्तविक अनुभव यह सुनिश्चित करता है कि छात्र नौकरी के लिए तैयार हैं।

**लचीला शिक्षण पथ:** शैक्षणिक और व्यावसायिक धाराओं को संयोजित करने से छात्रों को कई कैरियर विकल्पों का पता लगाने में मदद मिलती है।

इस तरह का एकीकरण यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा केवल सैद्धांतिक नहीं बल्कि रोजगार के अवसरों से सीधे जुड़ी हुई है।

## युवाओं को सशक्त बनाना और समावेशी विकास

सामाजिक समावेशन में व्यावसायिक शिक्षा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह उन छात्रों के लिए अवसर प्रदान करता है जो उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते, जिससे उन्हें स्थिर आजीविका सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। कौशल कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना एक और सकारात्मक प्रवृत्ति है, जो अधिक समावेशी कार्यबल में योगदान देता है।

इसके अलावा, जैसे-जैसे भारत अपने विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों का विस्तार करेगा, उत्पादकता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए कुशल श्रमिक आवश्यक होंगे।

## 2030 का रास्ता

व्यावसायिक शिक्षा का पूर्ण लाभ उठाने के लिए भारत को निम्नलिखित करना होगा

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुंच का विस्तार करें

उभरती प्रौद्योगिकियों से मेल खाने के लिए पाठ्यक्रम को अद्यतन करें

सार्वजनिक-निजी साझेदारी को मजबूत करें

व्यावसायिक करियर को सम्मानजनक और लाभदायक बनाएं

कौशल विकास में निवेश केवल एक सामाजिक प्राथमिकता नहीं है, बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है। अध्ययनों से पता चलता है कि 2030 तक केंद्रित कौशल प्रयासों से रोजगार और उत्पादकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकती है।

## निष्कर्ष

कक्षाओं से लेकर करियर तक की यात्रा भारत की विकास कहानी के केंद्र में है। व्यावसायिक शिक्षा में न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को बदलने की शक्ति है। शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ संरेखित करके तथा आजीवन सीखने को अपनाकर, भारत कुशल, अनुकूलनशील और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर सकता है।

यदि प्रभावी ढंग से पोषित किया जाए, तो व्यावसायिक शिक्षा न केवल कौशल अंतर को पाट देगी, बल्कि भारत की वास्तविक क्षमताओं को भी उजागर करेगी। 2030 तक अपने युवाओं को एक संपन्न वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रेरक शक्ति बना देगी।

# नंबर दो को उगते ही दबा देने की कला केजरीवाल ने साध ली है



अनीकेत सिंह
लेखक

राघव चड्ढा इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से उन पर कई आरोप लगाए गए हैं, तो दूसरी ओर राघव चड्ढा ने भी हर आरोप का जवाब दिया है। लेकिन एक महत्वपूर्ण बात पर किसी का ध्यान नहीं गया, वह है कि नंबर दो हमेशा खतरनाक होता है। भारत की राजनीति में नंबर दो को उभरने नहीं देना ही समझदारी मानी जाती है। यदि कोई नंबर दो होता भी है, तो उसे जनता की नजरों से दूर रखा जाता है। क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेता लगातार प्रयास करते हैं कि नंबर दो मजबूत न हो पाए। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल में नंबर दो को हटाने की विशेषता देखी जाती है। अण्णा हजारे के दिल्ली स्थित लोकपाल आंदोलन से शुरू हुई इस पार्टी के संस्थापकों में से एक-एक करके कई लोग या तो पार्टी छोड़कर चले गए या फिर केजरीवाल ने उन्हें धीरे-धीरे किनारे कर दिया। केजरीवाल का हालिया शिकार राघव चड्ढा बताए जाते हैं। राघव चड्ढा ने संसद में डिलीवरी बॉय की समस्याएं, एयरपोर्ट पर कॉफी के दाम, इंटरनेट डेटा की बबार्दी जैसे मुद्दे उठाकर लोगों का ध्यान खींचा था। इसके चलते कई बार मीडिया में उनका नाम केजरीवाल से ज्यादा छाया रहता था। माना जाता है कि इसी वजह से उन्हें किनारे करने की प्रक्रिया पर्दे के पीछे शुरू हुई। आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता नवीन जयहिंद के अनुसार, राघव चड्ढा केजरीवाल के बेहद करीबी थे और पार्टी के वित्तीय मामलों को संभालते थे। यह भी आरोप लगाया गया कि दिल्ली और पंजाब से जुटाया गया पैसा उनके पास रहता था और इसी को लेकर विवाद खड़ा हुआ। मतभेद बढ़ने के बाद चड्ढा को धीरे-धीरे हाशिए पर डाल दिया गया। उनकी लोकप्रियता कम करने के लिए उन्हें राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर पद से भी हटा दिया गया। शुरूआत में पार्टी ने कहा कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता, लेकिन बाद में यह तर्क भी सामने आया कि वे प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलने से हिचकते थे। यह स्पष्ट है कि केजरीवाल के आगे बढ़ने की कोशिश करने वाले कई महत्वाकांक्षी नेताओं को उन्होंने समय-समय पर किनारे कर दिया। 2012 में पार्टी की स्थापना के समय, जिन अण्णा हजारे को केजरीवाल अपना गुरु मानते थे, उन्हें भी बाद में अलग कर दिया गया। इसी तरह प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव और कुमार विश्वास जैसे नेताओं को भी पार्टी से बाहर होना पड़ा। स्वाति मालीवाल जैसी वफादार नेताओं के साथ भी विवाद सामने आए। मई, 2024 में उन्होंने कुछ सवाल उठाए तो उनके साथ दुर्व्यवहार की खबरें आईं। इसी तरह कैलाश गहलोत ने भी पार्टी छोड़ दी। पार्टी की संस्थापक सदस्य शाजिया इल्मी ने 2014 में यह कहते हुए इस्तीफा दिया कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है और बाद में वह भाजपा में शामिल हो गईं। योगेंद्र यादव ने बाद में स्वराज इंडिया नामक नई पार्टी बनाई। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण भी भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के चलते पार्टी में आए थे, लेकिन बाद में उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखाया गया। पत्रकार आशुतोष ने भी पार्टी नेतृत्व से मतभेद के कारण दूरी बना ली। कपिल मिश्रा ने केजरीवाल और सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, जिसके बाद उन्हें भी पार्टी से निकाल दिया गया। मुंबई की नेता अंजलि डालमिया ने भी पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा दिया। कुमार विश्वास ने जब पार्टी की कार्यशैली पर आवाज उठाई, तो उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। उन्हें संभावित नंबर दो के रूप में देखा जाता था और यही कारण बताया जाता है कि उन्हें समय रहते हाशिए पर डाल दिया गया। अलका लाम्बा ने कांग्रेस में शामिल होते हुए कहा था कि यह आम आदमी पार्टी नहीं बल्कि खास आदमी पार्टी बन चुकी है। संक्षेप में केजरीवाल नंबर दो को हमेशा एक संभावित खतरे के रूप में देखते आए हैं और उसे उभरने से पहले ही नियंत्रित करने की रणनीति अपनाते रहे हैं।

# मैनेजमेंट नहीं मजबूरी : भारत 41 देशों से क्रूड खरीदता है



स्नेहा सिंह
लेखिका

ईरान और अमेरिका-इजराइल के युद्ध के कारण वैश्विक स्थिति गंभीर हो गई है। दुनियाभर में महंगाई, मुद्रास्फीति और कमी की स्थिति बन गई है। क्रूड और गैस की सप्लाई अब भी बाधित है। कई देशों में पेट्रोल-डीजल राशनिंग पर बेचा जा रहा है, तो कहीं लॉकडाउन जैसी स्थिति लागू की गई है। वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य किया गया है। इन सबके बीच भारत में भी स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है। हाल ही में एक छोटी सी घटना ने पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैला दी और लोग घबराकर दौड़ पड़े। यह स्थिति अभी आई नहीं है, लेकिन आने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता। भारत में कभी भी क्रूड की कमी हो सकती है। इसका मुख्य कारण कमजोर ऊर्जा नीति और दीर्घकालिक योजना का अभाव है। विदेश नीति भी कमजोर है, जो ईरान और खाड़ी देशों पर प्रभाव नहीं डाल पा रही। दूसरी ओर चीन, जिसकी आलोचना भारतीय नेता करते रहते हैं, उसने अपनी जनता के लिए ठोस व्यवस्था कर रखी है। पिछले 40 दिनों से युद्ध चल रहा है, लेकिन चीन पर कोई असर नहीं पड़ा है। उसके पास इतना बड़ा भंडार है कि वह किसी दबाव में नहीं आता। यदि यह युद्ध लंबा चला, तो भारत में क्रूड संकट तय है। इससे बचने के लिए सरकार को अपनी ऊर्जा नीति मजबूत करनी होगी। अमेरिका-ईरान युद्ध से सीख लेकर देश की नीतियों को नया स्वरूप देना आवश्यक है। चीन ने वर्षों पहले जियोपॉलिटिक्स में मजबूत रणनीति बनाकर काम शुरू कर दिया था। भारत जहां घोषणाओं और पोस्टरों में व्यस्त रहा, वहीं चीन ने खाड़ी देशों में निवेश कर मजबूत नींव रखी। चीन और अमेरिका भी अपने-अपने हितों के अनुसार पर्दे के पीछे सहयोग करते हैं। चीन के निवेश वाले किसी भी प्रोजेक्ट को नुकसान नहीं पहुंचा, जबकि भारत का चाबहार प्रोजेक्ट ठप हो गया। इससे भारत को नुकसान हुआ है, लेकिन जनता को यह असफलता दिखाई नहीं देती। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की क्रूड सप्लाई चेन लंबी और जटिल है। तेल के जहाज 27 दिनों में

# सीएम ग्रिड-2 के निर्माण में जनता को परेशानी न हो: महापौर

## 38 करोड़ से बनेगी जैन कॉलेज-आवास विकास-दिल्ली रोड

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**सहारनपुर।** सीएम ग्रिड फेज-2 योजनान्तर्गत बनने वाली सड़क का आज शाम महापौर डॉ. अजय कुमार व क्षेत्रीय पार्षद दिग्विजय चौहान की उपस्थिति में आवास विकास व जैन कॉलेज रोड के प्रमुख लोगों को स्क्रीन पर डेमो दिखाया गया। सड़क अनुपम स्वीट्स से जैन कॉलेज रोड व आवास विकास होते हुए दिल्ली रोड स्थित मोहन पाण्डेय के अस्पताल तक बनायी जायेगी। दो किमी. लंबी इस सड़क पर 38 करोड़ 17 लाख रुपये लागत आयेगी। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने का समय 11 मार्च 2027 रखा गया है।

नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यदायी संस्था एसआरएस कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. आगरा के प्रोजेक्ट मैनेजर हरेंद्र ने स्क्रीन पर परियोजना का डेमो दिखाते हुए बताया कि सीएम ग्रिड फेज-2 योजनान्तर्गत बनने वाली सड़क के दौरान वाटर लाइन, सीवर सर्विस लाइन, स्टार्म वाटर डेज्न 450 एमएम हयूम पाइप, भूमिगत विद्युत लाइन कार्य, भूमिगत डक्ट का कार्य, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट-पोल्स एवं बोलार्ड, स्ट्रीट फर्नीचर( बैंच व डस्टबिन), रोड साइनेज तथा लेण्ड स्केपिंग एण्ड ग्रीनरी वर्क आदि कार्य किये जायेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आज परियोजना से जुडे. अधिकारियों, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा क्षेत्र के लोगों को बुलाने का उद्देश्य यह है कि सीएम ग्रिड-वन के निर्माण कार्य के दौरान जो परेशानियां क्षेत्रीय लोगों को आयी थी, इस बार लोगों को उनका सामना न करना पडे.। निर्माण कार्य चरणबद्धता के साथ इस तरह किया जाए कि सड़क चलती रहे और निर्माण कार्य से लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने लोगों से भी निर्माण कार्य के दौरान निगम व कार्यदायी संस्था को सहयोग देने का आह्वान किया। क्षेत्रीय पार्षद और क्षेत्रीय लोगों से भी सुझाव लिए गए। पार्षद दिग्विजय चौहान ने कहा कि दिल्ली रोड, आवास विकास व जैन कॉलेज रोड के आसपास काफी जलभराव बरसात में होता है, चूंकि नालों का ढलान और उनका जुड़ाव ठीक नहीं है। उनका सुझाव था कि नालों की लेवलिंग ठीक कराते हुए पानी निकासी की समस्या का समाधान भी इस परियोजना के तहत किया जाए अन्यथा जलभराव से सड़क खराब हो जायेगी। उन्होंने जैन कॉलेज रोड व आवास विकास में सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाने पर भी जोर दिया।

क्षेत्र के सूरजमल, पूर्व पार्षद राजेंद्र चौधरी, संजय कपूर, अनिल महलका आदि ने भी अतिक्रमण व फुटपाथ को लेकर सुझाव दिए। उनका कहना था कि बरसात में काम शुरू न किया जाए और घरों के सामने फुटपाथ ज्यादा ऊंचे न रखे जाएं। डॉ. वीरेंद्र आजम का सुझाव था कि फुटपाथ कम चौडे.रखते हुए पार्किंग के लिए स्थान अवश्य छोड़ा जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत अवधेश कुमार व महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल ने सड़क निर्माण व विद्युत केबलिंग तथा ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर अनेक तकनीकी बातों से अवगत कराया। बैठक में महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, निर्माण विभाग के जेई मदनपाल, अनुज कुमार व अनूप सहित स्मार्ट सिटी के भी अनेक अधिकारी शामिल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस




नितिन शर्मा


**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल के कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया। शक्तिकेंद्र रविदासनगर के बूथ 258 मौहल्ला चौधरियान निवासी चौधरी ईशमपाल सिंह के आवास पर सभी कार्यकर्ता एकत्र हुए। सभी कार्यकर्ताओ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा कि समर्पण, सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित भाजपा निरंतर देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का सशक्त माध्यम बनी है। आज करोड़ों कार्यकताओं के अथक परिश्रम को समवेत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी निरंतर भारत के विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, मंडल मंत्री राहुल यादव, प्रेमपाल सिंह रवि, जीतू भुइयार, सतीश कुमार, सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक अमित चौधरी, ईशमपाल चौधरी, विवेक चौधरी, गंगाराम सिंह, लवी चौधरी, अर्जुन उप्परवाल, आशुतोष भारद्वाज आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मारवाह स्टूडियो में 10वां ग्लोबल फैशन एंड डिजाइन वीक: रचनात्मकता और वैश्विक दृष्टि का भव्य उत्सव

### डॉ. संदीप मारवाह के नेतृत्व में नवाचार, संस्कृति और फैशन का अद्भुत संगम

डॉ. शंभु पंवार





**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** फिल्म सिटी, नोएडा स्थित मारवाह स्टूडियो में आयोजित 10वें 'ग्लोबल फैशन एंड डिजाइन वीक' ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि फैशन केवल परिधान नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और वैश्विक दृष्टिकोण का सशक्त माध्यम है। यह भव्य आयोजन रचनात्मकता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का जीवंत मंच बनकर उभरा। इस गरिमामयी आयोजन के सूत्रधार एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मीडिया व्यक्तित्व डॉ. संदीप मारवाह के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम ने नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया। लगभग 15 हजार वर्ग मीटर में विस्तृत यह स्टूडियो न केवल उत्तरी भारत का प्रथम मीडिया एवं फिल्म स्टूडियो है, बल्कि अपने नाम 6 विश्व रिकॉर्ड दर्ज कर भारतीय मीडिया जगत में एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने फैशन, डिजाइन और कला के विविध आयामों को प्रस्तुत करते हुए वैश्विक रुझानों और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर समन्वय प्रदर्शित किया। आयोजन स्थल पर सृजनशीलता की ऊर्जा और नवाचार की चमक हर ओर महसूस की गई। इस अवसर पर हील्स फाउंडेशन की संस्थापक ममता सोनी, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा, अंतरराष्ट्रीय लेखक एवं पत्रकार डॉ. शंभु पंवार, उपाध्यक्ष कनुप्रिया, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.पुष्पा जोशी, देवेंद्र प्रकाश शर्मा, रश्मि अंशु भटनागर, मानवी, रचना भाटिया, सरिता विजय शर्मा ने डॉ.संदीप मारवाह जी का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

तत्पश्चात अतिथियों ने स्टूडियो में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कर रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। डॉ. संदीप मारवाह का व्यक्तित्व उनकी उपलब्धियों जितना ही प्रभावशाली और प्रेरणादायी है। उनकी सादगी, विनम्रता और दूरदर्शिता उन्हें विशिष्ट बनाती है। उनके विचारों में जहाँ व्यापकता है, वहीं व्यवहार में आत्मीयता और सहजता स्पष्ट झलकती है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सच्ची सफलता केवल ऊँचाइयों को प्राप्त करने में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और संस्कारों को बनाए रखते हुए समाज को दिशा देने में निहित होती है। 'ग्लोबल फैशन एंड डिजाइन वीक' न केवल एक आयोजन रहा, बल्कि यह एक ऐसा मंच बना जिसने युवा प्रतिभाओं को अवसर, प्रेरणा और वैश्विक पहचान प्रदान की।

## स्थलीय निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाएं: नगरायुक्त



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज आयी ग्यारह समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा तुरंत समाधान कराया गया। अतिक्रमण सम्बंधी चार समस्याओं के समाधान के लिए प्रवर्तन दल प्रभारी तथा लाईट सम्बंधी दो समस्याओं सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 60 नवीन मण्डी स्थल चिलकाना रोड निवासी संजीव कुमार ने राधा कृष्ण कुंज मंदिर के निकट सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तुरंत सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का समाधान कराया गया। वार्ड 63 धोबीवाला गली निवासी शानू ने भी गली में सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त वार्ड चकहरेटी निवासी श्यामलाल- सीवर लाइन की सफाई कराने, पानी की लीकेज ठीक कराने तथा स्ट्रीट लाईट ठीक कराने के लिए अलग-अलग तीन प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 35 पंसारी बाजार निवासी नत्थूराम यादव ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का बिजनौर में 09 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम

### वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में करेंगे परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

नितिन शर्मा



**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित बिजनौर भ्रमण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि 09 अप्रैल,2026 को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिले में 05 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने उक्त कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का अद्यतन पूर्ण विवरण तथा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है, उनकी पूरी जानकारी की सूचना जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला बिजनौर में शासकीय योजनाओं कार्यक्रम के अंतर्गत जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उसकी सूचना भी जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर पालिका बिजनौर एवं आसपास की नगर पालिका, नगर पंचायत तथा नगर निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल सहित पूरे शहर में ध्यानपूर्वक सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट तथा समुचित मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, बाल एवं महिला विकास, एनआरएलएम, उद्योग, कार्यक्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के उत्पादों, जानकारियों एवं उपलब्धियों से संबंधित स्टाल लगाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मा. मुख्यमंत्री जी के संभावित निरीक्षण के दृष्टिगत राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं अस्पताल प्रांगण स्थित स्वास्थ्य इकाइयों को अपेक्षित सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं अद्यतन अवस्था में पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

## स्कूल बैग चेकिंग एवं बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता

नितिन शर्मा



**नूरपुर (वेलकम इंडिया)।** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड नूरपुर बिजनौर में स्कूल बैग चेकिंग प्रतियोगिता कक्षा 3 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के बैग की नोटबुक–बुक, होमवर्क पूरा करना, साप्ताहिक अध्ययन योजना, टाइम टेबल के हिसाब से बैग लाना, लंच पैक, पानी की बोतल आदि विषयों पर बच्चों के बैग को चेक किया गया। स्कूल बैग चेकिंग रिजल्ट प्रथम स्थान तेज हाउस, द्वितीय स्थान सुभाष हाउस, तृतीय स्थान गाँधी हाउस। कक्षा तीन से सार्थक, प्रियांशु, अरुणदीप, आरव, अनबिया, दीक्षित, मयंक, अंगद, विधान, कक्षा चार से अभिनव, देव, धैर्य, दर्श, हरकीरत, विश्वास, कक्षा 5 से अक्षर, भूमि, अरनव, हर्ष, कोसी, हम्माद, पल्लवी, इनाया, कृतिका, सोनाक्षी, आरव, स्वस्ति, मानवी, कक्षा 6 से अंशिका, मानसी, राधिका, दिया, नव्या, काव्या, आयुष, सत्यम, यथार्थ, अभिनाश अंश, धैर्य, जयंत, परी, मानवी, कक्षा 7 से आराध्या, आरोही, अंशिका, चारुल, मीत, श्रद्धा, प्रीत, रूपांशी, अभिनव, इशांत, कार्तिक, मानव, अक्षु, काव्या, शिफान, परी,कक्षा 8 से सद्र, ध्रुव, मनप्रीत, इशप्रीत, अलीशा, आर्यन, गर्व, मयंक, नक्श, प्रत्यक्ष, शुभ, अफान, हरजोत, कनक, काव्य, जीविका, जीशान के बैग सबसे अच्छे रहे। बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता रिजल्ट – प्रथम स्थान. तेज हाउस, द्वितीय स्थान सुभाष हाउस, तृतीय स्थान भगत सिंह हाउस। बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता मे तेज हाउस से चेतना, रीत, उदिशा, शैली, भव्य, हसन, संस्कार सुभाष हाउस से प्रभसिमरन, मानसी, दिव्यंका, वंशिका, अग्रिमा, अभय गांधी हाउस से आरुषि, निष्ठा, कशिश, मीनाक्षी, आराध्या, जानवी टैगोर हाउस से अफ़शा, फलक, रियांशी, दीपांशी, यशी, अलीशबा भगत सिंह हाउस से आराध्या, सृष्टि,अनु, सिद्धि, आरुषि, सिद्रा सबसे अच्छे रहे। प्रतियोगिता में वाइस प्रिंसिपल अर्चना राजपूत एवं विद्यालय गतिविधि प्रभारी अंशुल गोयल का व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह प्रधानाचार्य अवनीश कुमार व कोओर्डिनेटर दीपक कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# देवबलहारी व सुहानी ने जीती विवेक मैराथन 2026

### 1400 छात्र/छात्राओं ने किया प्रतिभाग। विद्यार्थीयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया सम्मोहित

नितिन शर्मा



**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग मे देव बलहारी तथा महिला वर्ग में सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में सनी कुमार तथा महिला वर्ग मे सानिया रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में अभिषेक एवं महिला वर्ग मे मेघा रही इसके अलावा प्रथम 40 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन मे प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनो वर्गो को अलग अलग दिये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्याथीयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको सम्मोहित कर दिया। मैराथन का शुभारम्भ प्रातः 7 बजे नेहरु स्टेडियम से मुख्य अतिथि के रुप में पधारे मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ कौशलेन्द्र, जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल कुलपति एन.के.गुप्ता, सीईओ अनिल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यअतिथि के रुप में यूपीएससी में 662 रैंक प्राप्त चंदवाहिनी चैधरी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि कोई भी लक्ष्य प्राप्त हो सकता है अगर मेहनत ईमानदारी से की जाये उन्होने कहा की बडे लक्ष्यों के लिये प्रयास भी बडे ही हाते है। विवेक मैराथन नेहरु स्टैडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चैक थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुये जानी का चैराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके विश्वविद्यालय पर समाप्त हुयी।

इस मैराथन में पॉच चैक पोस्ट बनाये गये थे जिसमें सभी प्रतिभागियों के चैस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में 1400 विद्याथीयों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थय संगठन की थीम विज्ञान के साथ स्वास्थय के लिये साथ आये पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को अच्छे स्वास्थ का संदेश देना है। कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, क्लासिकल फयुजन, छलांग, योद्ध हू मै, योगा डांस, युगचक्र, मै लड जावा, ठान लिया आशाऐं आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं रितु बिस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. दीप्ती डिमरी, डॉ. राजीव चैधरी, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. सर्वेश शीतल, डॉ. रंगानाथन, डॉ. देबाशीष, डॉ. संजय कुमार त्यागी, डॉ हर्ष कुमार, डॉ अनुपम आजाद, डॉ राशि तंवर, डॉ अनुकूल द्विवेदी, डॉ अंजली रानी, डॉ मीना चैधरी, डॉ पुष्पाजोशी, डॉ शैलेन्द्र शर्मा, डॉ मनिका मुकुल कुमार, पंकज त्यागी आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। विवेक हॉस्पिटल द्वारा रोहन पराशर एवं कोमल के सानिध्य में छात्र/छात्राओं की देखरेख हेतु मैराथन में चिकित्सा कैम्प लगाया गया।

## 'भूत बंगला' में हर लम्हा परेशान होगा‚ 'खामोशियों में छुपा एक तूफान होगा, राजपाल यादव संग अक्षय कुमार का अलग ही जहान होगा‚'



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुंबई।** बॉलीवुड में कॉमेडी और एंटरटेनमेंट का जब भी जिक्र होता है, तो राजपाल यादव का नाम सबसे पहले सामने आता है। इस बार वह सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आने वाले हैं, जो 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। 'भूत बंगला' एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें रहस्य, डर और जबरदस्त हास्य का तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी एक ऐसे रहस्यमयी बंगले पर आधारित है, जहां अजीब घटनाएं होती हैं और फिर शुरू होता है हंसी और डर का रोमांचक सफर। फिल्म को लेकर राजपाल यादव ने दर्शकों के लिए खास संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 'भूत बंगला' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि फुल एंटरटेनमेंट पैकेज है। इसमें आपको डर भी लगेगा, हंसी भी आएगी और एक अलग ही अनुभव मिलेगा। मैं अपने सभी दर्शकों से कहना चाहता हूं कि आप परिवार और दोस्तों के साथ सिनेमाघरों में आकर इस फिल्म का आनंद जरूर लें। हमने दिल से मेहनत की है, उम्मीद है आपको खूब पसंद आएगी।'

यह फिल्म उन दर्शकों के लिए खास होने वाली है जो हॉरर और कॉमेडी का अनोखा मिश्रण पसंद करते हैं। अक्षय कुमार और राजपाल यादव की केमिस्ट्री पहले भी हिट रही है और इस बार भी दर्शकों को हंसाने और डराने का पूरा इंतजाम किया गया है।

फिल्म 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है, जहां हर सीन में सस्पेंस, डर और हंसी का जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी एक ऐसे रहस्यमयी बंगले के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हर खामोशी अपने अंदर एक खौफनाक राज छुपाए बैठी है।

### डर और हंसी का डबल डोज

'भूत बंगला' में जहां एक ओर डरावना माहौल दर्शकों को सीट से बांधे रखेगा, वहीं राजपाल यादव की कॉमिक टाइमिंग और अक्षय कुमार की दमदार मौजूदगी इसे एक अलग ही लेवल पर ले जाती है। फिल्म में हर मोड़ पर ऐसा ट्विस्ट होगा, जो दर्शकों को चौंकाने के साथ-साथ गुदगुदाएगा भी।

अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं और साथ में कॉमेडी का तड़का भी पसंद करते हैं, तो 'भूत बंगला' आपके लिए एक परफेक्ट एंटरटेनमेंट पैकेज साबित हो सकती है।

'भूत बंगला' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव बनने जा रही है, जहां हर लम्हा आपको डराएगा भी और हंसाएगा भी। अब देखना यह होगा कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितना बड़ा धमाल मचाती है।

# बलिया के लाल डॉ. संजय कुमार राय ने छात्रों को दिखाया आईटी करियर का मार्ग

वेलकम इंडिया ब्यूरो







**बलिया।** सनबीम स्कूल, अगरसंडा, बलिया द्वारा अभ्येती हॉल में 'आईटी वर्ल्ड में करियर की संभावनाएँ' विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र का संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आईटी विशेषज्ञ एवं ओरिसन सॉल्यूशंस लिमिटेड (Orison Solutions Ltd.) के सीईओ डॉ. संजय कुमार राय द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम डीएचके ई-डीयूसर्व (DHK e-DUserve) द्वारा संचालित आईटी करियर सीरीज के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. संजय कुमार राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभवों और संघर्षों को साझा किया। उनका प्रेरणादायक जीवन सफर विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

बलिया जिले के नारही गाँव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे डॉ. राय ने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद अपने दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण के बल पर सफलता की ऊँचाइयों को छुआ। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, तो कोई भी बाधा मार्ग में अवरोध नहीं बन सकती। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि आज का युग तकनीक का युग है, और आईटी क्षेत्र में अपार संभावनाएँ उपलब्ध हैं। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे उभरते क्षेत्रों की जानकारी देते हुए छात्रों को निरंतर सीखने और अपने कौशल को विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की सोच भी उतनी ही आवश्यक है। डॉ. राय ने अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने बलिया से अपनी यात्रा शुरू कर अफ्रीका तक का सफर तय किया। वर्तमान में वे चार विभिन्न देशों में अपने कार्यालयों का सफल संचालन कर रहे हैं। उनका यह सफर इस बात का सशक्त उदाहरण है कि यदि व्यक्ति में लगन और समर्पण हो, तो वह किसी भी सीमित परिस्थिति से निकलकर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

# '77वीं रैंक की रोशनी से जगमगाया पूरनपुर, सुधीर सिंह ने लिखी कामयाबी की नई इबारत'

## गांव की मिट्टी से उठकर यूपीएससी में चमके सुधीर सिंह, क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर'

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पूरनपुर मेहनत की हर बूंद जब किस्मत से मिल जाती है, तब जाकर किसी गांव की मिट्टी भी सोना बन जाती है। कुछ ऐसी ही कहानी लिखी है पूरनपुर तहसील के गांव गुलड़िया भूप सिंह निवासी अमर सिंह (एडवोकेट) के बेटे सुधीर सिंह ने। जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 77वीं रैंक हासिल कर उन्होंने अपने परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूप सिंह निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अमर सिंह के पुत्र सुधीर सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 77वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव सहित पूरे पूरनपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि सुधीर सिंह शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव और आसपास के विद्यालयों से प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए लगातार मेहनत की। कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।


उनकी सफलता यह साबित करती है कि यदि दृढ़ संकल्प और लगन हो तो ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।सुधीर सिंह का चयन समीक्षा अधिकारी (विधानसभा सचिवालय, लखनऊ) के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही परिवार में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, वहीं गांव के लोगों ने भी घर पहुंचकर बधाई दी। पूरे गांव में गर्व और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुधीर सिंह के पिता अमर सिंह, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि सुधीर ने हमेशा मेहनत और ईमानदारी को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

परिवार के अन्य सदस्यों ने भी इस सफलता को उनके कठिन परिश्रम का फल बताया।इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सुधीर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।सुधीर सिंह की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जनपद पीलीभीत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि कठिन परिस्थितियों में भी अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है।

# राज इंडेन गैस सर्विस के ग्राहकों को ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद भी नहीं जारी किए जा रहे डीएससी कोड

लुकमान खान

**पीलीभीत माधोटांडा(वेलकम इंडिया)।** जहां एक और पूरी दुनिया में गैस को लेकर किल्लत देखी जा रही है और सरकार जनता को संदेश दे रही है कि हमारे देश में गैस की कोई किल्लत नहीं है और हमारे सुबह के मुखिया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लंबी कतारों में ना लगने की सलाह दे रहे हैं लेकिन धरातल स्तर पर स्थिति इसके विपरीत है ग्रामीण लोगों को एक तो 45 दिन के उपरांत सिलेंडर बुकिंग हो रहा है उसके बाद भी रुरिया सलेमपुर स्थित राज इंडियन ग्रामीण वितरक एजेंसी द्वारा ऑनलाइन बुकिंग और पेमेंट होने के बाद भी गैस को होम डिलीवर नहीं किया जा रहा है बल्कि जनता को लंबी कारों में खड़ा किया जा रहा है इसका कारण क्या है यह विभाग को उचित पता होगा यदि विभाग समय से ऑनलाइन की गई बुकिंग को होम डिलीवर करेगा तो लंबी लंबी कारों में आम जनता को खड़ा होना नहीं पड़ेगा इसके अतिरिक्त कुछ नए मामले सामने आए हैं जिसमें माधोटांडा और लोधीपुर की कुछ बुकिंग के उपरांत बुकिंग स्टेटस ओपन दिखा रहा है लेकिन 48 घंटे भी जाने के बाद भी ग्राहकों को डीएससी कोड नहीं प्राप्त हुआ जिस कारण उन्हें समस्या हो रही है जबकि उनके द्वारा पेमेंट 4 अप्रैल को और 5 अप्रैल को कर दिया गया था क्योंकि एजेंसी द्वारा ग्राहकों की इनवॉइस जनरेट नहीं की जा रही है यह इसका मुख्य कारण हो सकता है कई बार एजेंसी से संपर्क किया गया लेकिन कोई उचित जवाब नहीं मिला अब जनता किसके चक्कर लगाए विभाग की अधिकारियों को चाहिए की अति शीघ्र इस समस्या का समाधान करें जिससे ग्राहकों को अतिशीघ्र डीएससी कोड प्राप्त हो और इन लंबी-लंबी कारों से बचने के लिए एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देशित किया जाना चाहिए की ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से आए पेमेंट करने वालों को होम डिलीवर सिलेंडर किया जाए।




# आगरा पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा थाना एत्माद्दौला का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** जनपद आगरा में पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा थाना एत्माद्दौला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सीसीटीएनएस प्रणाली एवं आगंतुक रजिस्टर की गहनता से जाँच की। पुलिस उपायुक्त ने प्रभारी निरीक्षक एत्माद्दौला को निर्देशित किया कि थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं थाना आने वाले आगंतुकों और पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए, उनके बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए त्वरित समाधान किया जाए।

# स्कूल चलो अभियान रैली से गुंजायमान हुआ गिरि गोवर्धन धाम

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** शैक्षिक सत्र के नवीन शुरूआत के सफल संचालन एवं नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर शासन प्रशासन के आदेश के अनुपालन में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत एक विशाल ब्लाक स्तरीय रैली निकाली गई। इस रैली में क्षेत्र के विभिन्न विधालयों के करीब एक हजार छात्र छात्राओं एवं पचास से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। स्कूल चलो अभियान रैली का सफल संचालन ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र तंवर के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त रैली का सफल संचालन मुख्य अतिथि बीईओ द्वारा शिक्षा विभाग के ब्लाक संसाधन केंद्र से किया गया तदुपरांत रैली ओजस्वी वाणी एवं नारों के मध्य गोवर्धन के मुख्य बाजार एवं व्यस्तम चौराहे से होते हुए निकाली गई।इस दौरान नवीन नामांकन के प्रति अभिवावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ नरेंद्र तंवर, एआरपी कपिल देव चौधरी,देव कुमार, हरवीर सिंह, मुरारीलाल उपाध्याय, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार बौद्ध, सीमा रानी,अंतिमा गर्ग, स्वीटी कुमारी, अंजली शर्मा, एवं अन्य अध्यापक एवं ब्लाक कार्यालय कर्मचारी सहित बहुत ही संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर एआरपी देव कुमार एवं स्थानीय प्रधानाध्यपकों ने घर-घर जाकर उन अभिवावकों से संपर्क किया जिनके छात्र अभी तक स्कूल नहीं जा रहे हैं। एआरपी कपिल देव चौधरी ने डीबीटी माध्यम से धनराशि से निशुल्क शासन की सुविधाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला वहीं एआरपी हरवीर सिंह ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रत्येक छात्र का अधिकार है। वहीं एआरपी मुरारीलाल उपाध्याय ने शिक्षा के लिए मिलने वाली सुविधाओं पर महत्व डाला। वहीं एआरपी देव कुमार ने गणित एवं विज्ञान किट से उपयोग होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि बीईओ नरेंद्र तंवर ने कहा कि इस वर्ष हमारा लक्ष्य ब्लाक के प्रत्येक छात्र को विधालय की मुख्य धारा से जोड़ना है।




# प्राथमिक शिक्षक संघ गोवर्धन ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन को जनगणना कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में सोपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** शासन के निर्देश अनुसार मकान सूचीकरण एवं राष्ट्रीय जनसंख्या गणना कार्य होना है, जिस कार्य हेतु जनगणना कर्मियों प्रगणक एवं सुपरवाइजर की नियुक्ति के संबंध में शासन के आदेश एवं आयुक्त नगर निगम मथुरा का दिनांक 24 जनवरी 2026 का आदेश प्रेषित किया गया है जिसमें बिंदु संख्या दो में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यह विशेष महत्वपूर्ण है कि सुपरवाइजर पद पर तैनात कार्मिक का वेतनमान प्रगणक पद पर तैनात कार्मिक से अधिक होना चाहिए। बिंदु संख्या एक में स्पष्ट वर्णित है की लेवल 7 तक के कर्मचारी प्रगणक के रूप में नियुक्त किये जा सकते हैं इससे ऊपर वेतन लेवल 8 के कर्मचारियों को सुपरवाइजर के रूप में तैनात किया जाए। गोवर्धन तहसील में की गयी नियुक्तियों में कई जगह पर अधिक वेतनमान वाले कर्मियों को प्रगणक तैनात कर दिया गया है और कम वेतनमान वाले कार्मिकों को सुपरवाइजर की तैनाती प्रदान करदी है। जिस पर शिक्षकों ने रोष व्यक्त किया है तथा शिक्षकों के अनुरोध पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने शासन द्वारा जारी निदेशों के अनुरूप नियुक्तियों में संशोधन के लिए एक अनुरोध पत्र उप जिला अधिकारी महोदया को सोपा है। साथ ही संगठन ने अनुरोध किया है कि असाध्य एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित कार्मिकों को ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पूनेन्द्र बाबू शर्मा, नितिन वीर सिरोही, सत्यभानु सिंह, कुंज बिहारी अग्रवाल,हेमंत उपाध्याय, संतोष कुमार पंकज सारस्वत, हीरेश मुद्गल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- नारी जब अपनी शक्ति पहचान लेती है तो बन जाती है 'नारायणी'

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** हाईकोर्ट लखनऊ की अधिवक्ता शुभि शर्मा ने महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर महिलाओं एवं बाल अधिकारों के संरक्षण पर कार्य करने हेतु महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना ही बाल विवाह व दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

नारी स्वयं प्रेरणा का स्वरूप है और जब वह अपनी क्षमता पहचान लेती है तो 'नारायणी' बन जाती है। उन्होंने बाल विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता को जरूरी बताया।

एडवोकेट शुभि शर्मा ने बताया कि वो महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने का कार्य करेंगी एवं घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, दहेज निषेध और बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी सरल भाषा में दी जाएगी।

इस अवसर पर उनके साथ आईएएस अवनीश कुमार शर्मा,वरिष्ठ समाजसेविका मधु शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विदित रहे कि नाबालिक लड़कियों की शादी हो जाने के बाद बालिग होने पर लड़की पक्ष के माता पिता लड़की को वापस बुलाने की कोशिश करते हैं। जबकि लड़का लड़की स्वेच्छा से साथ रहना चाहते हैं।

ऐसे में कौन से कानून का संशोधन किया जाए या नाबालिक लड़की से लव मेरिज होने के बाद लड़की के बालिग होने पर लड़का उसे छोड़ दे तो उसके लिए क्या दंड हो, ऐसे कानून में क्या संशोधन किया जाए इसके लिए राज्यपाल महोदया ने एडवोकेट शुभि शर्मा को कानून संशोधन के विषय में वार्ता करने को पुनः आमंत्रित किया है।

# माधवपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल, कर्मचारी की जगह असिस्टेंट कर रहा काम



लुकमान खान

**पीलीभीत दियोरिया(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड बरखेड़ा के गांव माधवपुर में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां तैनात सफाई कर्मचारी मनोज कुमार पर आरोप है कि वह स्वयं नियमित रूप से ड्यूटी पर नहीं आता और अपने स्थान पर एक असिस्टेंट से सफाई कार्य कराता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक फोटो में असिस्टेंट गांव में झाड़ू लगाते हुए दिखाई दे रहा है, जबकि नियुक्त कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, मनोज कुमार कई-कई दिनों तक गांव में नजर नहीं आता, जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां चोक हैं और समय पर कूड़ा न उठने से बदबू फैल रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार एक ओर स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर जिम्मेदार कर्मचारी ही इन प्रयासों को पलीता लगा रहे हैं।

# श्रीमलूक जयंती महोत्सव में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## वृंदावन हेलीपैड पर भाजपा कार्यकताओं ने किया स्वागत

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** वृंदावन में श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य श्रीमलूकदास देवाचार्य जी महाराज की 452वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमलूक जयंती महोत्सव एवं श्री सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव में सम्मिलित होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वृंदावन स्थित हेलीपैड पर भारतीय जनता पार्टी महानगर के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनके आगमन पर हर्ष व्यक्त किया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए, जहां वे संत-महात्माओं का आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक मेघश्याम सिंह, विधायक राजेश चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, महानगर महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पन्ना लाल गौतम, रामकिशन पाठक, ललित गौतम, पार्षद अंकुर गुर्जर, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा,बृजेश अहेरिया, प्रणय पाराशर, पूजा चौधरी, विक्रम मुद्गल, प्राण वल्लभ दुबे, सतीश बघेल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीलीभीत में 42 सड़कों को मिली मंजूरी, 12.41 करोड़ रुपये स्वीकृत



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद में सड़क निर्माण को लेकर बड़ी सौगात मिली है। जितिन प्रसाद की पैरवी पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) की 42 सड़कों को स्वीकृति मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण के लिए 1241 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। कुल 37.36 किलोमीटर लंबी इन सड़कों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्वीकृत सड़कों में 15 सड़कें बरखेड़ा विधानसभा, 12 सदर, 10 पूरनपुर और 5 बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से गांव-गांव पक्की डामर सड़कों का जाल बिछेगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी। किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बताया कि मार्च माह में भी जितिन प्रसाद द्वारा योगी आदित्यनाथ से पैरवी कर पीडब्ल्यूडी और गन्ना विभाग की कई सड़कों को मंजूरी दिलाई गई थी। उन्होंने बताया कि कलीनगर और डगा क्षेत्र में हरदोई नहर ब्रांच पर बड़े पुलों के निर्माण की भी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा भगा मोहम्मद गंज और नगरिया कॉलोनी के बीच देवहा नदी पर पुल एवं सड़क निर्माण के लिए करीब सवा अरब रुपये की मंजूरी दिलाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल सुल्तानपुर में संपन्न हुआ प्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत पूरनपुर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे भारत में करोड़ों कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने का अभियान चलाया गया जिसमें प्रत्येक राज्य प्रत्येक जिले में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुए इसी श्रृंखला में जनपद पीलीभीत की 129 विधानसभा पूरनपुर के मंडल सुल्तानपुर में मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया आपको बताते चलें इस कार्यक्रम के प्रभारी नि मंडल अध्यक्ष नितिन दिक्षित तथा मंडल प्रभारी डॉक्टर हंसराम सिंह राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा व्यवस्था की दृष्टि से मंडल महामंत्री रामनिवास कश्यप, मंडल महामंत्री अनिल गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद वर्मा, एवं दिनेश शर्मा तथा बबलू शर्मा सहित मंडल की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा आपको बताते चले यह कार्यक्रम दो दिवसीय था जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकताओं की उपस्थिति रही तथा नि जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा मुख्य वक्ताओं में जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह ,जिला महामंत्री महादेव गायन, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती ,129 विधानसभा पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान पूर्व राज्य मंत्री डॉ विनोद तिवारी का कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ पूरी मंडल टीम में उत्साह देखने को मिला सभी वक्ताओं ने नवनिर्वाचित मंडल टीम एवं मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा को शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भी बधाई प्रेषित की

# ऐप्जा में दीनदयाल शास्त्री को फिर मिली अहम जिम्मेदारी, संगठन में खुशी की लहर

लुकमान खान



**पीलीभीत दियोरिया(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत बीसलपुर ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) बीसलपुर इकाई ने एक बार फिर अपने भरोसेमंद और सक्रिय कार्यकर्ता दीनदयाल शास्त्री को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपकर संगठन के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा पर मुहर लगा दी है। इस निर्णय के बाद पत्रकारों और संगठन से जुड़े सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ऐप्जा तहसील अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि दीनदयाल शास्त्री लंबे समय से सामाजिक और पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे भारतीय किसान यूनियन भानु में कई वर्षों से बीसलपुर तहसील मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं और किसानों, मजदूरों तथा गरीब वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी तेज तर्रार कार्यशैली और ईमानदारी ने उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। इसके साथ ही वे भाकियू भानु पत्रकार संघ तहसील अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में कई सामाजिक और किसान हित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया गया, जिससे जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सकी। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि दीनदयाल शास्त्री की सक्रियता, निष्पक्षता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे उम्मीद जताई गई है कि वे आगे भी संगठन को मजबूत करने और पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर दीनदयाल शास्त्री ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 'विनियमन समीक्षा बैठक' आयोजित

## एचपीडीए ने जनपद को विकास कार्यों में नई गति दी है सभापति अश्विनी त्यागी

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की कलेक्ट्रेट भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 'विनियमन समीक्षा समिति' के माननीय सभापति अश्विनी त्यागी जी के सभापतित्व एवं माननीय विधान परिषद के सदस्यों में वीरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र भारद्वाज, श्रीचन्द शर्मा, पवन कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक सदर विजयपाल आढती, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा कविता माधरे,गरिमामयी उपस्थिति में 'विनियमन समीक्षा समिति' के द्वारा निर्धारित बिन्दुओं की समीक्षा बैठक आहूत हुई, समिति से अरूण प्रकाश शर्मा अनुसचिव,मयंक यादव समीक्षा अधिकारी,आशीष सिंह प्रतिवेदक, अभिनव तिवारी सहायक समीक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह,मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

माननीय सभापति महोदय के आगमन पर जिलाधिकारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया गया तथा गॉड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सभागार में जनपदीय अधिकारियों के द्वारा मा.सभापति सहित सभी समिति के सदस्यों का बुके,शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

बैठक में विनियमन समीक्षा समिति में प्रस्तुत 67 बिंदुओं की विभागवार विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि वर्ष 2024 से वर्तमान समय तक माननीय विधान मंडल व लोकसभा के सदस्यों के द्वारा जो भी पत्र प्राप्त हुए है उनका समयान्तराल में कार्य शुरू कराया गया या जवाब भेज दिया गया था। सभी कार्यालय में जनप्रतिनिधि हेतु रजिस्टर बनाया गया है। इसके साथ ही जनपद के सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी बिन्दुओं पर धैर्यपूर्ण व विवेक के साथ सन्तोषजनक जवाब प्रस्तुत किये गये। सभापति अश्विनी त्यागी के द्वारा समिति के माध्यम से सख्त निर्देश दिये गये कि जनपदवासियों के लिए चिकित्सा,पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग यह तीनों एक महत्वपूर्ण विभाग है तथा इसका पूर्ण सहयोग जनता को प्राप्त हो।सभापति के द्वारा हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अधिकारी से विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली गई तथा समिति के द्वारा जो भी पत्र प्राप्त हुए हैं उस पर क्या कार्रवाई की गई के बारे में जानकारी ली। एचपीडीए के सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जो भी पत्र समिति द्वारा प्राप्त हुए हैं उन सभी पर कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है साथ ही यह भी जानकारी दी की मेरठ से जुड़े पांच गांवों को विकास कार्यों हेतु जोड़ा गया है।

आवास विकास परिषद के द्वारा भी जनपद में विकास कार्य किए गए हैं।सभापति ने निर्देशित किया कि जनपद में कहीं भी कोई भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा ना करने पाएं यदि किसी भूमाफिया द्वारा कब्जा कराया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त एवं कठोर कार्यवाही की जाएं, जिससे की भविष्य में कोई और इस प्रकार के अपराधिक कार्य ना करें।सभापति महोदय ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि स्मार्ट मीटरों में आ रही परेशानियों का निदान कराया जाएं, मानवीय संवेदना को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार कार्य करें। किसी भी उपभोक्ता को बिल देय सहित अन्य किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।सभापति महोदय ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। तथा समाज कल्याण विभाग को यह भी निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र छात्र छात्राओं को वजीफा दिया जाए और स्वास्थ्य विभाग की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद को आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। आबकारी अधिकारी के द्वारा मान्य समिति को अवगत कराया गया कि जनपद के गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार किया जाता है जिसकी निरंतर निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जाती है जनपद में अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत जनपद में निरंतर जल आपूर्ति हर घर जल योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। वन विभाग के अधिकारी के द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद में वृक्षारोपण के दिए गए लक्ष्य को सब प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। समिति द्वारा जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए अपने जिम्मेदारी का निवर्हन करते हुए योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचायें। समिति के द्वारा दिये गये दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित किया जायें। सभापति महोदय ने बैठक के अंत में कहा कि जनपद के अधिकारियों द्वारा सभी बिन्दुओं पर धैर्यपूर्ण व सन्तोषजनक जवाब दिए गये। समिति के द्वारा अधिकांश विभागों के कार्यों की सराहना की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सभापति सदस्यगणों सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फाटक के पास ट्रैक्टर पेड़ से टकराया, चालक घायल



मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के किवाना मार्ग फाटक के पास एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर राहगीरों ने जानकारी 108 एंबुलेंस को दिया और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मंगलवार को हरियाणा के जिला कैथल के गांव राजौंद निवासी सुखदेव पुत्र खेमा ट्रैक्टर लेकर ईंट भट्ठे से ईंट लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह किवाना मार्ग फाटक के समीप पहुंचा तभी अचानक सामने से एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराया।हादसे में ट्रैक्टर चालक सुखदेव घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग और राहगीर एकत्र हो गए तथा उन्होंने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की टीम ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सरकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

# सड़क पर कूड़ा डाले जाने से भड़के लोग, नगर पालिका के खिलाफ किया प्रदर्शन

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे के बाईपास मार्ग पर सडक किनारे नगर पालिका कर्मचारियों पर ही कूड़ा डालकर गंदगी फैलाने का आरोप लगा है।आसपास के लोगों का कहना है कि पालिका के सफाई कर्मचारी कूड़ा एकत्र कर सड़क किनारे ही डाल देते है, जिससे वहां दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों व आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या को लेकर कई लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सड़क किनारे पड़े कूड़े को तत्काल हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले काफी समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।कस्बा निवासी शमशेर मलिक ने बताया कि पिछले करीब तीन महीनों से नगर पालिका कर्मचारी लगातार इसी स्थान पर कूड़ा डाल रहे हैं। कूड़े के ढेर से उठने वाली बदबू के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।मोहम्मद अफसर ने कहा कि सड़क किनारे पड़े कूड़े के कारण आसपास के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में रोष है।

इस दौरान दिलशाद, हनीफ, सज्जू और रिहान, गुलजार, फारूक सहित कई लोग मौजूद रहे।मामले में नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम बताया कि कूड़ा डालने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और जल्दी कूड़ा हटाया जाएगा।

# एसडीएम व एसीएमओ के नेतृत्व में टीम ने पैलालोजी सेंटरों की छापेमारी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी हृदय राम तिवारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राम रतन वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने सेमरियावां चौराहे पर स्थित पैथालोजी सेंटरों की छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले ही पैथालोजी संचालक शटर डाउन कर फरार हो गये। अवैध पैथालोजी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को उपजिलाधिकारी हृदय राम तिवारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राम रतन वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने सेमरियावां चौराहे पर स्थित पैथोलॉजी सेंटरों की छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले ही पैथोलॉजी सेंटरों का शटर डाउन मिला। टीम के आने से पहले ही पैथोलॉजी और मेडिकल स्टोर के शटर डाउन होने से टीम बैरंग वापस लौट गयी। जनपद से विशेष रूप से आयी इस टीम के बैरंग लौटने पर क्षेत्र में चर्चा है कि आखिर यह सूचना कहां से लीक हुई। इस अवसर पर डा. मुबारक हुसेन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के अधीक्षक डा. सुरेश चंद्रा, प्रतिरक्षण अधिकारी मोहम्मद कौसर खान आदि मौजूद रहे।

# डांस कोरियोग्राफर सचिन कुमार ने जन्मदिन पर बांटी खुशियां, समाजसेवा की मिसाल पेश की'

वेलकम इंडिया संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज के जाने-माने बॉलीवुड डांसर एवं डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद ने अपने जन्मदिन को एक अनोखे और सराहनीय अंदाज में मनाकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इस खास मौके पर उन्होंने मलिन बस्ती के बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा कीं। सचिन निषाद ने बच्चों के साथ केक काटा और नमकीन, बिस्कुट व चॉकलेट वितरित किए। साथ ही, बच्चों के बीच एक भगोना हलवा भी बांटा गया, जिसने इस खुशी के पल को और भी खास बना दिया। बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान ने पूरे माहौल को भावुक और आनंदमय बना दिया। उनकी इस पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की और इसे एक सकारात्मक संदेश बताया। सिर्फ एक कलाकार ही नहीं, बल्कि समाजसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे सचिन निषाद अब तक 49 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न करा चुके हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके सचिन निषाद ने प्रयागराज के 50 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों में डांस प्रशिक्षण देकर युवाओं को नई दिशा देने का कार्य भी किया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी बड़ों का आशीर्वाद और साथियों का सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि समाजसेवा का यह सफर आगे भी निरंतर जारी रहेगा। सचिन निषाद का यह सराहनीय कदम न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की एक मजबूत मिसाल भी है।

# विधायक धनघटा ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, रैली का नेतृत्व करते हुए आम जनमानस को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

## विधायक धनघटा ने स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में अध्यापकों/अभिभावकों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता









**संतकबीरनगर।** स्कूल चलो अभियान-2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान ने धनघटा विधानसभा क्षेत्र में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना एवं शिक्षा के महत्व के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना रहा।

रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिसमें विशेष रूप से बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धनघटा ने अपने संबोधन में शिक्षा को जीवन की सफलता का आधार बताते हुए सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन अवश्य कराएं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने जनपद के विद्यालयों एवं अभिभावको का आह्वान किया कि जनपद में 06 से 14 वर्ष का कोई बच्चा विद्यालय में नामांकन से छूटने न पावे।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन खण्ड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक हैंसर बाजार महेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़ा हो।

उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे घर-घर संपर्क कर बच्चों को विद्यालय लाने का प्रयास करें। रैली क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें 'हर बच्चा स्कूल जाए', 'शिक्षा है अधिकार हमारा' जैसे नारों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया।

इस आयोजन में अधिकाधिक संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं आम जनता भी शामिल हुई, जिससे कार्यक्रम सफल एवं प्रभावी रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक रहने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया। यह रैली शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई और क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। इस कार्यक्रम में कुल लगभग 200 प्रतिभागियों (प्रधानाध्यापक / ई0 प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान सभासद) ने सहभागिता की तथा काफी अधिक संख्या में बच्चे भी सम्मिलित हुए।

समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / ई० प्रधानाध्यापक) चन्द्र शेखर भारती, शैलेश कुमार यादव, गनेश प्रसाद चौधरी, श्रीमती श्रृंखला पाण्डेय. श्रीमती नीतू अग्रहरी, श्रीमती चंद्रकला, विनय सिंह, नितिन कुमार, निर्मल स्वरूप, राम आशीष, विजय, संत कुमार मिश्र आदि प्रधाध्यापक एवं बी0आर0सी0 कार्यालय कर्मचारी मो0 जुबैर, रोहित कुमार, दिग्विजय पाण्डेय, विकास गिरी, कृष्ण मुरारी, श्याम जी. स्वप्निल यादव. उमेश चन्द्. राम प्रताप, अजीत कुमार, इश्वर चंद, गजेन्द्र कुमार, देव नारायण आदि उपस्थित रहे।

## दबिश के दौरान अभियुक्त के विरुद्ध स्थायी वारण्ट जारी होने पर 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना महुली उ0नि0 दिलीप सिंह, का0 सूर्य नरायण गुप्ता ने स्थायी वारण्ट जारी वारण्टी अभियुक्त सूर्यप्रताप पाण्डेय उर्फ सूरज पुत्र अश्वनी कुमार पाण्डेय निवासी गौरा थाना महुली को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## पीआरवी 6883 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पीआरवी 6883 पर थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत भगवानपुर से कालर द्वारा दो मोटरसाईकिलों के आपस में टक्कर हो जाने के कारण दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति ( 1.सूरज पुत्र बासुदेव ग्राम सांगठ थाना बखिरा जनपद–संतकबीरनगर ) के सम्बन्ध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया ।जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी ।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 240 वाहनों से 2,50,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 240 वाहनों से 2,50,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

# शासन संविदा, आउटसोर्स कार्मिकों को नियमित, संविलयन करें,नियमित, कंपनी कैडर कार्मिकों, पेंशनर्स की समस्यायों का समाधान करें - राकेश डीपी पाठक

वेलकम इंडिया संवाददाता

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जामंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा एवं सीएम डी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को मांग पत्र प्रेषित करते हुए फेडरेशन के महामंत्री श्री पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारी नियमित

रिक्तपदों के रिक्तियों के आधार पर काम कर रहे है। इन्हें बिना किसी परीक्षा के अनुभव के अधार पर नियुक्ति दिनांक से नियमित, संविलयन किया जावे। इसी तरह बिजली कम्पनियों में 15 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को नियमित किया जावे ।

बैठक में फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह राजपूत, महामंत्री राकेश डीपी पाठक, उमाशंकर मेहता, एन के यादव, बी एस राठौर, रामेश्वर गांगे, आरके कौशिक,अवसार अहमद, गोपाल चौहान, कार्तिक शर्मा, पुष्पेन्द्रसिंह यादव सहित अनेक ने फेडरेशन के कर्मचारियों, पेंशनर्स की समस्यायों पर विस्तृत विचार रखे।



श्री पाठक ने कहा कि विद्युत कंपनियों में वर्ष 2009 से वर्ष 2018 के पूर्व तक नियुक्त कर्मचारियों परीक्षण सहायक, संयंत्र सहायक व कार्यालय सहायक श्रेणी -03 की वेतन विसंगती दूर की जावे, जिसमें सातवें वेतन आयोग के ग्रेड पे 1900 के स्थान पर 2500 ग्रेड पे अथवा मूल वेतन 20200 की जगह 25300 करते हुऐ वर्तमान में 03 वेतन वृद्धि प्रदान कर, उक्त वेतन विसंगति दूर की जायें। इसके संबंध मे ऊर्जा विभाग द्वारा भी आदेश जारी कर दिये गये है किंतु आज तक बिजली कंपनियों द्वारा आदेश नहीं किए गये हैं। श्री पाठक ने कहा कि विद्युत मंडल के विभिन्न उत्तरवर्ती कंपनियों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी, संविदा कर्मचारियों को वन टाईम गृह जिला स्थानांतरण हेतु नीति लागू करते हुऐ उनके गृह जिला में स्थानांतरण किया जावें। म.प्र. विद्युत मंडल में 1991 वर्ष के कर्मचारियों द्वारा उच्चतम न्यायालय में वेतन विसंगती से संबद्ध याचिका लगाई गई थी जिसमें कर्मचारियों के पक्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय लिया गया है। उसे सभी विद्युत कंपनियों में लागू कर, शीघ्र इसका लाभ संबंधितों को प्रदान किया जाये । कंपनी द्वारा जारी सेल्फ लर्निंग एंड एडवांसमेंट पॉलिसी (परिपत्र क्रमांक 8844 दिनांक 20.10.22) तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कार्मिक लाइन परिचारक एवं परीक्षण सहायक को होने वाली सीधीभर्ती में कनिष्ठ अभियंता (वितरण) के पद आरक्षित करने एवं कार्मिक परीक्षा देने हेतु पात्र किये जावे । म.प्र. के विद्युत क्षेत्र में लगभग 30 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारीयों को विभिन्न सेवा आऊटसोर्स कंपनी के द्वारा नियुक्त किये जाकर विद्युत कंपनियों में कार्य सौंपा जाता है, फेडरेशन यह मांग करता है कि मध्यप्रदेश में भी हरियाणा सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर विद्युत क्षेत्र में आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु एक अलग निगम या कंपनी बनाकर उसके माध्यम से नियुक्ति दी जाएं। तकनीकी, कुशल काम के लिए पूर्ण शिक्षित और प्रशिक्षित व्यक्ति को ही आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी में रखा जाएं। इससे दुघर्टना कम होगी। उन्होंने कहा कि विद्युत मंडल में कार्यरत जिन कर्मचारियों की सामान्य मृत्यु वर्ष 2000 से 2012 के बीच हुई है उनके आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति आज दिनांक तक नहीं दी गई है। उन्हें सामान्य मृत्यु प्रकरण में नियमित रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जायें। नई अनुकंपा नियुक्ति आदेश से कार्यालय सहायक श्रेणी 3 का पद समाप्त कर दिया गया है उसे पुनः स्वीकृत किया जाएं। कंपनी में कार्यरत संविदा/नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट पूर्व की भांति दी जाएं।

# थैलेसीमिया मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ(वेलकम इंडिया )।** आई ड्रीम टू ट्रस्ट (Regd.) द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों के सहयोग एवं समय पर रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम भूपगढ़ी, जानी खुर्द, मेरठ में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंद मरीजों तक सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना तथा लोगों को थैलेसीमिया एवं हीमोफिलिया जैसी गंभीर रक्त संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर का आयोजन बी० एस० एस० टीम के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया।इस अवसर पर एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ के ब्लड बैंक द्वारा कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो थैलेसीमिया मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव चौधरी (जिला पंचायत अध्यक्ष, मेरठ) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सम्राट मलिक (जिला पंचायत सदस्य, मेरठ) एवं विवेक बाफर (समाज सेवक) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि गौरव चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी आई ड्रीम टू ट्रस्ट को हर संभव सहयोग और निरंतर समर्थन देने का आश्वासन दिया। आई ड्रीम टू ट्रस्ट की ओर से संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन चौधरी के नेतृत्व में टीम के सदस्य– सक्षम तेवतिया, अंश तेवतिया, डॉ. कपिल तेवतिया, सुनील जी, प्रिंस अग्रवाल, आकाश, आरिका, गुंजन, अभिषेक गर्ग एवं गौरव सिंधू–ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विशेष रूप से नवीन भूपगढ़ी जी ने 60 वर्ष की आयु में रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन चौधरी ने कहा– 'थैलेसीमिया जैसे मरीजों के लिए नियमित रक्त जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी मरीज केवल रक्त की कमी के कारण परेशान न हो। साथ ही, जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है–इसलिए हम समाज को थैलेसीमिया और हीमोफिलिया के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।'

इसके अतिरिक्त एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज की टीम से संध्या, शीतल एवं अनुराधा ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया, जिससे शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आई ड्रीम टू ट्रस्ट ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया साथ ही अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे जनसेवा एवं जागरूकता से जुड़े कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि थैलेसीमिया एवं अन्य रक्त संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर सहायता मिल सके।

# नवीन अनाज मंडी चुनाव में जयप्रकाश गर्ग की बड़ी जीत, व्यापारियों में उत्साह की लहर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** स्थानीय नवीन अनाज मंडी में मंगलवार को संपन्न हुए अध्यक्ष पद के चुनाव में जयप्रकाश गर्ग ने बाजी मार ली है। एक बेहद कड़े और दिलचस्प मुकाबले में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कृपाल सिंह को 11 मतों के अंतर से पराजित कर विजय पताका फहराई। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही पूरी मंडी 'जयप्रकाश गर्ग जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठी। व्यापारियों और समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। जीत के बाद खुशी का आलम यह था कि समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और पूरे परिसर में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। अपनी जीत पर आभार व्यक्त करते हुए जयप्रकाश गर्ग ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि मंडी के समस्त व्यापारियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि व्यापारियों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। नवीन अनाज मंडी में सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर रहेगा। मंडी के कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखी जाएगी। इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसके बाद सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मंडी के अनुभवी व्यापारियों का मानना है कि जयप्रकाश गर्ग के नेतृत्व में मंडी की समस्याओं, जैसे जल निकासी, सुरक्षा और सुचारू परिवहन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। 'मेरा लक्ष्य नवीन अनाज मंडी को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। मैं सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलूंगा ताकि मंडी की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।'

# दीपक हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार, आला कत्ल चाकू बरामद



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** थाना खानपुर पुलिस ने दीपक कुमार हत्याकांड में आरोपी उदय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को ग्राम पाली परतापुर निवासी विनीत कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि रुपये के लेनदेन के विवाद में उदय कुमार ने उसके भाई दीपक कुमार और समय सिंह पर चाकू से हमला कर दिया था। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई। इस मामले में थाना खानपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में रुपये के विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी रितेश कुमार, उपनिरीक्षक विनोद कुमार तथा कांस्टेबल अनूप और नरेन्द्र राणा शामिल रहे।

# अपना दल (एस) की मासिक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुलंदशहर।** अपना दल (एस) के सिटी सेंटर जिला पंचायत मॉल स्थित जिला कार्यालय पर अपना दल एस बुलंदशहर संगठन की मासिक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी अध्यक्षता एवं जिला महासचिव खालिक अंसारी के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि 'संगठन की असली शक्ति हमारे कार्यकर्ता हैं। पार्टी की नीतियों और अनुप्रिया पटेल के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं की सक्रियता पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।' जिले के विभिन्न ब्लॉकों और ग्राम स्तर पर संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास करें। अध्यक्ष ने कहा आने वाले समय में होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों और रैलियों की तैयारी के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुए एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राजकुमार भुर्जी,खालिक अंसारी नीरज शर्मा,प्रेम बैरागी पुरुषोत्तम सैन,भगवत जाटव आशुतोष मीणा हाजी सबील अंसारी मोहित शर्मा श्यौराज गौतम मुन्ना अहमद अल्वी मोहम्मद असलम प्रतीक भारद्वाज अंकुर पाल डॉ राम सिंह हामिद अली सैफी सतीश लोधी लक्ष्मण भुर्जी जितेंद्र लोधी कपिल गौतम गुलशन कुमार नितिन बब्लू,नीतू रानी भूप सिंह प्रधान मोहम्मद जकी हामिद अली सैफी गोपाल शर्मा,आजाद सिंह मोहम्मद साजिद प्रवीन कुमार,मोहम्मद जाहिद मोहम्मद फहीम हाजी नईम मनोज कुमार,चंद्रपाल सिंह,नवनीत शर्मा पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष और भारी संख्या में सक्रिय

# आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन




वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी।** मंगलवार को आम आदमी पार्टी के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य चढेरा निवासी सूर्य प्रताप शाही ने दल बल के साथ खानपुर थाना जाकर थाना रितेश सिंह को सौंपा ज्ञापन। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात से किसानों को फसलों की हानि का सरकार मुआवजा दे। और किसानों को समय पर खाद मुहैया कराये। सबसे अधिक हो रही परेशानी स्मार्ट मीटरों की गलत बिलिंग के चले जिससे फौरन दूर कराया जाय। किसान की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर ना लगाएं जाये।अगर शीघ्र उक्त परेशानियां दूर ना की गई तो आम आदमी पार्टी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# नगरपालिका परिसर में कर्मचारी ने किया आत्मदाह का प्रयास, ईओ पर प्रताड़ना का आरोप

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद के कार्यालय में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कर्मचारी असरफ ने कथित तौर पर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्मदाह का प्रयास किया। कर्मचारी ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर जान देने की कोशिश की, जिसे वहां मौजूद अधिशासी अधिकारी व अन्य सहयोगी कर्मचारियों ने समय रहते रोक लिया। कर्मचारी असरफ ने अधिशासी अधिकारी मणि जी सैनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने कार्यों को निष्ठापूर्वक कर रहा था, लेकिन उसे लगातार निशाना बनाया जा रहा है। ईओ द्वारा फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कर्मचारी असरफ का आरोप है कि अच्छा काम करने के बावजूद उसे सराहना मिलने के बजाय अपमानित किया जाता है। वहीं, इन गंभीर आरोपों पर सफाई देते हुए अधिशासी अधिकारी मणि जी सैनी ने प्रताड़ना की बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी अपने कार्यों को गंभीरता से नहीं ले रहा था, जिसके कारण उसे केवल कार्य के प्रति सचेत रहने के लिए कहा गया था। उन्होंने फोन पर किसी भी प्रकार की अभद्रता या अपशब्दों के प्रयोग के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनी जा रही है और तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, नगरपालिका परिसर में शांति बनी हुई है और उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है।

> काम में लापरवाही बरतने पर कर्मचारी को केवल टोकने का प्रयास किया गया था। आत्मदाह जैसा कदम उठाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।
>
> **मणि जी सैनी, अधिशासी अधिकारी**

# बड़ी शीतला माता पांच दिवसीय वार्षिक महोत्सव सकुशल संपन्न होने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन



संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** पंडित अवशशेष पांडेय ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशाश्वमेध घाट पर माँ शीतला के दरबार में भंडारे का आयोजन आठ अप्रैल को किया गया है ।सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पंडित शिव प्रसाद पांडेय ( महंत ) प्रमुख मंदिर काशी ने बताया कि हर वर्ष यह अनुष्ठान जगत कल्याण की कामना से किया जाता है। चैत्र का महीना होता है यह ऋतु परिवर्तन का महीना है । जिसमे तमाम प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है ।भगवती शीतला स्वास्थ्य एवम स्वक्षता की देवी हैं। यह अनुष्ठान कलाकार , महंत परिवारी और समस्त काशी वाशी पांच रात्रि आकर माता शीतला को रिझाते मनाते हैं ।माँ समस्त विश्व, समस्त भारत एवम समस्त भक्तों को निरोगी रखें । स्वस्थ और निरोगी काया हीं मनुष्य की सबसे बड़ी काया है। पंडित अभिषेक पांडेय व पंडित अविनाश पांडेय ने बताया बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माँ भगवती शीतला के पाँच दिवसीय महोत्सव को विराम दिया गया। अगले वर्ष पुनः इसी हर्षोल्लास के साथ देवी शीतला का महोत्सव मनाया जाएगा।इस दौरान वहां पंडित सतीश पांडेय, पंडित अभय पांडेय, सुनील शर्मा, राजा मिश्रा, कन्हैया दुबे (केडी) व अन्य लोग मौजूद रहे।

# एमआईईटी के फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग ने लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य संबंधी अहम जानकारी

उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा सामुदायिक सेवा पहल के अंतर्गत रामपुर पावटी में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर बी.फार्मा एवं एम.फार्मा के छात्रों द्वारा संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्य (फामेर्सी) डॉ. विपिन कुमार गर्ग के नेतृत्व एवं श्री अंगेश कुमार तथा सुश्री फाल्गुनी गोयल के समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान स्थानीय निवासियों के लिए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस पहल से मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान संभव हो सकी, जिससे समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित प्रबंधन के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ छात्रों ने ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया। जागरूकता सत्रों में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाइयों के सेवन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। शिविर को स्थानीय लोगों का उत्साहजनक सहयोग एवं सराहना प्राप्त हुई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस पहल का लाभ उठाया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया, बल्कि विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग, एमआईईटी भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान दिया जा सके।

# छात्र का एटीएम बदलकर 29 हजार उड़ाए

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** कछवांरोड चौराहा स्थित बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम में पैसा निकालने गए बीएससी के छात्र का एटीएम बदलकर जालसाजों ने उसके खाते से 29 हजार रुपया उड़ा दिया। पीड़ित छात्र ने सोमवार को मिजार्मुराद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया उक्त घटना बीते शनिवार की शाम की बताई गई। जानकारी के अनुसार भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के दुरासी गांव निवासी शुभम राज बीते शनिवार को अपने पिता प्रदीप कुमार का एटीएम लेकर कछवांरोड स्थित बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम में पैसा निकालने आया युवक ने बताया कि एटीएम में पहले से तीन लोग मौजूद थे जब में एटीएम में कार्ड लगाकर पैसा निकालने लगा तो पैसा नही निकला इतने में पास में खड़ा युवक मेरा एटीएम लेकर उसको देखने लगा और पिन नंबर भी देख लिया था और धीरे से एटीएम बदल दिया। मेरा पैसा नही निकला में वापस घर आ गया।थोड़ी देर बाद मोबाइल पर मैसेज आया कि खाते से 29 हजार रुपया एटीएम से निकल गया। रविवार को बैंक बंद था सोमवार को जब एसबीआई के चौरी बैंक शाखा पर जाकर पता किया तो पता चला कि कई बार में पैसा निकल गया है और चेक किया तो मेरा एटीएम भी एसबीआई का बदला हुआ था। पीड़ित छात्र शुभम राज ने मिजार्मुराद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात जालसाज के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया।पुलिस ने एटीएम के सीसीटीवी कैमरे को चेक की तो अज्ञात जालसाज उसमें दिखाई दिये है पुलिस तलाश में जुट गई।

# गांव में खेल मैदान न होने से युवा परेशान, एसडीएम से लगाई गुहार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** जहाँगीराबाद क्षेत्र के ग्राम असावरी परगना के ग्रामीणों ने गांव में खेल मैदान की कमी को लेकर उपजिलाधिकारी से गुहार लगाई है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपते हुए गांव में खेल के लिए भूमि चिन्हित कर आरक्षित करने की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव में फिलहाल कोई भी खेल मैदान उपलब्ध नहीं है, जिससे युवाओं और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेल मैदान के अभाव में जहां बच्चों की खेलकूद गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं और सेना भर्ती जैसी तैयारियों में जुटे युवाओं को भी अभ्यास के लिए उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि गांव में ग्राम समाज की कुछ भूमि खाली पड़ी हुई है, जिसे चिन्हित कर खेल मैदान के रूप में विकसित किया जा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हल्का लेखपाल और कानूनगो को निर्देशित कर उक्त भूमि का चयन कर उसे खेल मैदान के लिए आरक्षित कराया जाए। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उचित कार्रवाई करेगा, जिससे गांव के युवाओं और बच्चों को खेलकूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ज्ञापन सौपने वालों में ग्राम प्रधान केहर सिंह, अतुल शर्मा, सचिन शर्मा, होबी शर्मा, तुशी शर्मा, ब्रजनन्दन शर्मा, हरि शर्मा, अंकित शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला एसआई के तहरीर पर एक के खिलाफ आईटी एक्ट एवं धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद पुलिस ने सोमवार की रात साइबर क्राइम सेल वाराणसी की महिला एसआई दिव्या भदौरिया के तहरीर पर भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के झउवा पिलखिनी निवासी विनय तिवारी के खिलाफ आईटी एक्ट, धोखाधड़ी एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि राजस्थान प्रान्त के भीलवाड़ा निवासी दामोदर प्रसाद धुपद ने समन्वय पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाया था कि एक युवक गूगल पर विज्ञापन के माध्यम से राधे कुमार के नाम से मिला था। गूगल पर युवक का नंबर था नंबर पर जब बात हुआ तो बोला कि कोई भी समस्या आपको होगा तो पूजा कर के सारी समस्या का समाधान कर दूंगा और खुद को कामाख्या मंदिर का पुजारी बताया पैसा फोन पे पर भेज दो जिसको में एक बार 101 रुपया भेजा दूसरी बार 900 रुपया दिया ।उसके बाद युवक द्वारा 5 हजार रुपया मांगा गया जब में मना कर दिया तो युवक द्वारा धमकी दिया गया कि तुम्हारा विनाश कर दूंगा और धोखे में रखकर फ्रॉड किया गया। युवक का लोकेश वाराणसी होने के कारण यहां के साइबर क्राइम को शिकायत भेज दिया गया ।जिसपर साइबर क्राइम की महिला एसआई दिव्या भदौरिया द्वारा मिजार्मुराद थाने के साइबर हेल्प डेस्क के एसआई अविनाश कुमार सिंह के साथ मिलकर युवक का लोकेश निकालकर उसको थाने लाया गया ।युवक द्वारा स्वीकार किया गया कि फ्राड किया गया है जिनपर महिला एसआई के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक से पूछताछ में जुट गई। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है युवक से पूछताछ किया जा रहा है।

## त्यागी ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष अरुण त्यागी का किया स्वागत



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** त्यागी ब्राह्मण विकास समिति मोदीनगर की एक बैठक हुई जिसमें समाज के उत्थान एवं संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अरुण त्यागी का भव्य स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. अरुण त्यागी का आदर्श नगर स्थित सभासद ललित त्यागी एडवोकेट के कार्यालय पर भव्य एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉ. अरुण त्यागी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा समाज के उत्थान एवं संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में विशेष त्यागी, प्रशांत त्यागी (भानु फतेहपुर), रिंकू प्रधान, कुलदीप त्यागी सहित अन्य सम्मानित सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

# एसडीएम के आश्वासन के बाद प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ एनसीईआरटी पाठ्यक्रम न लगाने को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक तहसील मुख्यालय पर हुई। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी महिमा ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ एनसीईआरटी पाठ्यक्रम न लगाने पर नोटिस जारी किए गए हैं।एसडीएम मोदीनगर के आश्वासन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता ने प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया है।एसडीएम अजीत कुमार सिंह, एसडीएम न्यायिक आयान जैन, नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी महिमा और एबीआरसी पवन तिवारी कांग्रेस पार्टी की तरफ से पंडित सुनील शर्मा पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश, चांद वीर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर, कल्पना सिंह शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, राकेश सोनी मंडल अध्यक्ष महर्षि दयानंद मंडल, विनोद कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, हरीश खुल्लर लाडडा महासचिव शहर कांग्रेस कमेटी और जावेद अहमद तोड़ी के बीच प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को सुनिश्चित लागू करने को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी महिमा ने बताया की मोदीनगर तहसील के सभी स्कूलों को प्रथम नोटिस जारी किया गया है जिसका जवाब स्कूलों की तरफ से दिया जाना है यदि स्कूल संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं तो 15 दिन बाद स्कूलों को दूसरा नोटिस जारी कर दिया जाएगा एसडीएम मोदीनगर ने समुचित कार्रवाई करने हेतु दो महीने के समय की बात कही इसके उपरांत शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर ने यह फैसला लिया कि 8 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित कांग्रेस पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना स्थगित किया गया है।

## इंटर-हाउस क्रिकेट चैंपियनशिपः अनुशासन, नेतृत्व और उत्कृष्ट खेल भावना का शानदार प्रदर्शन




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डी.जी.आर. पब्लिक स्कूल, पतला में आयोजित दो दिवसीय इंटर-हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप ने विद्यालय की खेल संस्कृति, अनुशासन और विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा को एक नई ऊँचाई दी। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों का जोश, ऊर्जा और टीम वर्क अत्यंत सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में जैस्मिन हाउस (ब्लू हाउस) ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए विजेता का गौरव प्राप्त किया, जबकि रोज हाउस (रेड हाउस) ने भी शानदार मुकाबला करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता केवल खेल तक सीमित नहीं रही, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम बनी। इस सफल आयोजन का श्रेय स्पोर्ट्स टीचर अतुल शिवाच की कुशल योजना एवं प्रबंधन को जाता है। साथ ही ए.एन.ओ. एनसीसी गुड्डू गुप्ता, अंपायर सचिन एवं मोनिका सिंह का समर्पित सहयोग अत्यंत प्रशंसनीय रहा, जिनके प्रयासों ने इस प्रतियोगिता को व्यवस्थित एवं प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं चेयरमैन गुलबीर सिंह के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिनके सतत प्रयास विद्यालय को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं। यह आयोजन विद्यालय की उत्कृष्टता, अनुशासन और समर्पण का जीवंत उदाहरण है, वास्तव में डी.जी.आर. परिवार के लिए गर्व का क्षण।

# एमआईईटी के फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग ने लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

## ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य संबंधी अहम जानकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) के फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा सामुदायिक सेवा पहल के अंतर्गत रामपुर पावटी में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर बी.फार्मा एवं एम.फार्मा के छात्रों द्वारा संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्य (फामेर्सी) डॉ. विपिन कुमार गर्ग के नेतृत्व एवं श्री अंगेश कुमार तथा सुश्री फाल्गुनी गोयल के समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान स्थानीय निवासियों के लिए ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस पहल से मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान संभव हो सकी, जिससे समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित प्रबंधन के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ छात्रों ने ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया। जागरूकता सत्रों में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाइयों के सेवन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। शिविर को स्थानीय लोगों का उत्साहजनक सहयोग एवं सराहना प्राप्त हुई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस पहल का लाभ उठाया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया, बल्कि विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग, एमआईईटी भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में योगदान दिया जा सके।

## पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ केएन मोदी यूनिवर्सिटी सभागार में सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहारह्वके अंतर्गत डॉ.के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी में नशा व अवैध शस्त्रों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण को नशे से दूर रहने की अपील की गई।सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, भविष्य और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि नशे की लत जीवन को बबार्दी की ओर ले जाती है।

इस दौरान अवैध शस्त्रों के दुष्परिणामों पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को कानून के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। थाना मोदीनगर क्षेत्र के बच्चों को ऑपरेशन प्रहार के तहत जागरूक करते हुए ,नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही दिशा में प्रेरित करना तथा उन्हें नशे और अपराध से दूर रखना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिन्होंने जागरूकता संदेश को गंभीरता पूर्वक सुना।

# फरार इनामी हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** करीब एक सप्ताह पूर्व हिस्ट्रीशीटर बदमाश पर हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे हैं आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाश जलबीर और जल्लू पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दो अप्रैल 2026 की रात सीकरी कला के निकट एक ढाबे पर हिस्ट्रीशीटर राहुल उर्फ कालू पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर जानलेवा हमला किया गया था।

इस मामले में घायल राहुल की पत्नी करिश्मा द्वारा 6 नामजद लोगों समेत 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने तीन टीमें गठित कर आरोपियों के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। सोमवार की रात पुलिस ने सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर हापुड रोड पर गदाना गांव के निकट एक संदिग्ध कार को रोकना चाहा तो कार सवार बदमाश पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगे।

पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली लगने से 25 हजार का इनामी बदमाश हिस्ट्रीशीटर जलबीर उर्फ जल्लू घायल हो गया। पुलिस ने जलवीर के साथ कार में सवार उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया है, जिसका नाम जतिन शर्मा निवासी कड़कड़डूमा आनंद विहार बताया गया है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाशों से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, 3 जिंदा कारतूस व ग्रे रंग की एक ऑटो कार बरामद की है। पूछताछ में इनामी बदमाश जलवीर उर्फ जल्लू ने गत दो अप्रैल की रात राहुल पर हुए हमले में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है। जलवीर पर विभिन्न थानों में 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास व लूट एवं रंगदारी के मामले शामिल हैं।

## दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में वकील पर नोकिली चीज से हमला, सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक वकील पर नोकिली चीज से हमला कर दिया गया। घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गुस्साई भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया। घायल वकील को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमला किस वजह से किया गया। कोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस और प्रशासन अब सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा कर सकते हैं।

# जर्जर सड़क से ग्रामीण बेहाल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**मोदीनगर।** मोदीनगर भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ईसापुर से लेकर ग्राम उलधन तक जाने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सड़क पर गहरे गड्ढे और टूटी हुई सतह के कारण स्थानीय ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के लोगों ने मोदीनगर तहसील में नायब एसडीएम अयान जैन को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि ईसापुर से उलधन तक की यह मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। हालत इतनी खराब है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क–यह पहचानना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन खराब सड़क के चलते हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

इस सड़क के बीच में ग्राम भदौला और त्यौड़ी जैसे बड़े गांव भी पड़ते हैं, साथ ही एक डिग्री कॉलेज, एक इंटर कॉलेज और एक सरकारी अस्पताल भी इसी मार्ग पर स्थित हैं।

ऐसे में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और मरीजों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहन भी समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़क के कारण कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मास्टर जावेद थोड़ी 13 बिस्वा तहसील अध्यक्ष डॉ. इमरान, फरमान ठेकेदार चौधरी, शकील अहमद , ताजिर हाजी सादिक सहित कई अन्य ग्रामीण और पदाधिकारी शामिल रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस, उट की पत्नी की FIR के बाद बढ़ा विवाद



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता के दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार को असम पुलिस पहुंची, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई ऋक्ष्क के बाद की गई है। दरअसल, पवन खेड़ा ने हाल ही में आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कथित तौर पर कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियां हैं। इन आरोपों को रिनिकी भुइयां सरमा ने पूरी तरह झूठा और बेबुनियाद बताते हुए कानूनी कार्रवाई की और उनके खिलाफ ऋक्ष्क दर्ज कराई।

सूत्रों के मुताबिक, असम पुलिस दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर जांच के सिलसिले में खेड़ा के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि उस समय पवन खेड़ा घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस मामले से जुड़े दस्तावेज और जानकारी जुटाने में लगी है।

# मुरादनगर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

## धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है-संतोष

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाजसेवी संतोष ठेकेदार द्वारा मुरादनगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर को सुव्यवस्थित ढंग से सजाया गया था और श्रद्धालुओं के बैठने तथा प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन में आने वाले सभी लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। स्वयंसेवकों ने पूरी व्यवस्था को संभालते हुए अनुशासन बनाए रखा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतोष ठेकेदार ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भंडारे जैसे कार्यक्रम लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने आगे भी इस तरह के सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने आयोजन में सहयोग करते हुए व्यवस्था को सफल बनाने में योगदान दिया। श्रद्धालुओं ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा और भक्तों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के अंत में सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# स्वस्थ मुस्कान, उज्ज्वल भविष्य- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सराहनीय पहल

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, एहसास महिला समिति द्वारा सुभारती दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के सहयोग से आदर्श प्राथमिक विद्यालय, गोविंदपुरी में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के दांतों की जांच की गई तथा उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया।

इस शिविर में सुभारती दंत महाविद्यालय के चिकित्सकों डॉ. आयुष विद्यार्थी, डॉ. आकाश लाटियान, डॉ. शशांक तिवारी, डॉ. प्रियंशी अग्रवाल, डॉ. ममता कुमारी द्वारा दंत परीक्षण किया गया, जिनका सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। एहसास महिला समिति की ओर से श्रीमती प्रतिभा गांधी, डॉ. रुचि विद्यार्थी, रुचि विज, सविता सिरोही, मीनू शर्मा एवं लता की सक्रिय सहभागिता एवं योगदान इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में निष्काम सेवक जत्था समिति मोदीनगर के अध्यक्ष जसमीत सिंह, आई एफ ए कॉलेज के निदेशक डॉ. संघर्ष शर्मा तथा लविता कम्पनी के निदेशक श्री तरुण विज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूनम राणा ने आए हुए सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह पहल न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल का माध्यम बनी, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुई।

एहसास की संस्थापिका श्रीमती अनुप्रीत कौर ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर करते रहने की जिम्मेदारी ली। एहसास महिला समिति इसी प्रकार सेवा और समर्पण के साथ समाजहित में निरंतर कार्य करती रहेगी।

## गाजियाबाद में 'विनियमन समीक्षा बैठक' सम्पन्न

# जाम, अतिक्रमण और भूमाफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 'विनियमन समीक्षा समिति' के सभापति अश्विनी त्यागी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनहित से जुड़े 67 बिंदुओं पर विभागवार गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक संजीव शर्मा सहित समिति के सदस्य एवं जनपद के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभापति के आगमन पर जिलाधिकारी द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया।

### जाम और अतिक्रमण पर कड़ा रुख





सभापति अश्विनी त्यागी ने साफ निर्देश दिए कि शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए सड़कों से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग तत्काल हटाई जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में अधिकारियों द्वारा सभी बिंदुओं पर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किए गए, जिस पर समिति ने अधिकांश विभागों के कार्यों की सराहना की।

### भूमाफिया पर सख्त कार्रवाई के आदेश

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को ठगी और नुकसान से बचाया जा सके।

### स्मार्ट मीटर समस्याओं का समाधान जरूरी

विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी सभी शिकायतों का मानवीय दृष्टिकोण से त्वरित समाधान किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सभापति ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे

सरकार की मंशा को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर: फफराना में 26 बीघे में फैले निर्माण ध्वस्त

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम फफराना में विकसित हो रही लगभग 26 बीघे जमीन पर बनी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम द्वारा की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खसरा संख्या 379, 380 में करीब 8000 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 354 में लगभग 10000 वर्ग मीटर तथा श्यामसिटी फफराना रोड पर करीब 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बिना स्वीकृति अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कॉलोनाइजरों द्वारा पहले से स्वीकृत श्यामसिटी कॉलोनी का अवैध विस्तार किया जा रहा था, लेकिन इसके लिए प्राधिकरण से कोई मानचित्र या अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई।

जीडीए टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई सड़कों, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस समेत अन्य निमार्णों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ध्वस्तीकरण के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 की टीम, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा। जीडीए ने चेतावनी दी है कि बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनसुनवाई में एसीपी ने सुनी फरियाद, समयबद्ध निस्तारण के दिए सख्त निर्देश



**अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात श्री राजकरन नैय्यर द्वारा अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में आए मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पहल से शिकायतकताओं को त्वरित न्याय की उम्मीद जगी है और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही भी सुनिश्चित होती दिखाई दे रही है।

## रेलवे नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप, पीड़ितों ने की कार्रवाई की मांग

**अरुण मिश्रा**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** देश के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों युवाओं के साथ रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों के अनुसार एक संगठित गिरोह ने खुद को विभिन्न कंपनियों, एनजीओ और ट्रेड यूनियन से जुड़ा बताकर युवाओं से करोड़ों रुपये की ठगी की है।

आरोप है कि आरोपियों ने खुद को रेलवे मंत्रालय से जुड़ा बताते हुए जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी और टीएलसी जैसे पदों पर सदस्य बनाने तथा रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस झांसे में आकर कई राज्यों– पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों से मोटी रकम वसूली गई। पीड़ितों का कहना है कि कुल मिलाकर लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये विभिन्न खातों और नकद के माध्यम से आरोपियों द्वारा लिए गए। इस पूरे मामले में कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन पर ठगी और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ितों के अनुसार आर्थिक और मानसिक दबाव के कारण कुछ लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाने तक को मजबूर हो गए।

पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि ठगी की रकम से पश्चिम बंगाल और नोएडा/दिल्ली क्षेत्र में संपत्तियां, रिसॉर्ट और महंगी गाड़ियां खरीदी गईं। उनका कहना है कि आरोपियों के प्रभावशाली संपर्क होने के कारण वे लंबे समय से इस प्रकार की गतिविधियों को अंजाम देते रहे।

पीड़ितों के अनुसार उनके पास पूरे मामले से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें संबंधित जांच एजेंसियों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने सरकार और जांच एजेंसियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि 8 अप्रैल 2026 को पीड़ितों द्वारा एक बैठक/कार्यक्रम आयोजित कर पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

पीड़ितों ने देशभर के युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी के नाम पर किए जाने वाले झूठे वादों और फर्जी नियुक्तियों के जाल में न फंसें तथा किसी भी प्रकार की रकम देने से पहले पूरी तरह सत्यापन अवश्य करें।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, विदेशियों से ठगी करने वाले 4 साइबर ठग गिरफ्तार

**कपिल चौहान**




**नोएडा (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट पुलिस के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर गैंग का पदार्फाश किया है। थाना क्षेत्र सेक्टर-76 से गिरोह के सरगना समेत चार शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. बिलाल, देव कपाही, अभिषेक और कुशाग्र के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान मौके से 4 लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन और 2 राउटर बरामद किए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व साइबर क्राइम टीम की अधिकारी शैव्या गोयल द्वारा किया गया, जिनकी टीम ने सुनियोजित तरीके से गिरोह को पकड़ा। जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी विज्ञापन डालकर विदेशी नागरिकों को अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद ये अमेरिका और यूरोप के लोगों को कॉल कर उनके कंप्यूटर सिस्टम के हैक होने का झांसा देते थे।

आरोपी पीड़ितों को वायरस या तकनीकी खतरे का डर दिखाकर उनसे पैसे ऐंठते थे। ठगी की रकम डॉलर में लेकर उसे क्रिप्टो वॉलेट के जरिए ट्रांसफर कर देते थे, जिससे ट्रेस करना मुश्किल हो जाता था। साइबर क्राइम पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही है।

## इंदिरापुरम की सोसाइटी में 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई दुष्कर्म व हत्या की आशंका






**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित जयपुरिया सनराइज सोसाइटी में मंगलवार सुबह एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान संध्या के रूप में हुई है, जो अपने पिता सुखदेव सिंह के साथ सुबह करीब 6 बजे सोसाइटी पहुंची थी। परिजनों के अनुसार, संध्या हाल ही में 12वीं के पेपर देकर आगे सिविल सेवा की तैयारी में जुटी थी। परिवार ने बताया कि वह खुशमिजाज स्वभाव की थी और रोजाना सोसाइटी के आसपास दौड़ भी लगाती थी। ऐसे में उसकी अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। बताया गया है कि संध्या के पिता सुखदेव सिंह सोसाइटी में गाड़ियों की सफाई का काम करते हैं। मंगलवार सुबह वह संध्या को सोसाइटी में छोड़कर बेसमेंट में काम करने चले गए। कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि संध्या सी-ब्लॉक टावर के नीचे पड़ी हुई है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने उसे मृत पाया। मृतका के पिता ने थाना इंदिरापुरम में प्रार्थना पत्र देकर बेटी की मौत को संदिग्ध बताते हुए दुष्कर्म और हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि पहले संध्या के साथ गलत काम किया गया और फिर साक्ष्य मिटाने के लिए उसे ऊंचाई से नीचे फेंका गया। घटना की सूचना मिलते ही इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। साथ ही सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए घटना की तह तक पहुंचने का प्रयास जारी है।

## वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में लगातार मिल रही वाहन चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने वाहन चोरी की घटना स्वीकार कर ली। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद वाहन के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। थाना मुरादनगर पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

## स्कूलों में फायर सेफ्टी अलर्ट: 29 संस्थानों में 3,300 से अधिक लोगों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आमजन को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अग्निशमन तथा आपात सेवा, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। दिनांक 03 अप्रैल 2026 से 07 अप्रैल 2026 तक चलाए गए इस अभियान के तहत जनपद के 29 स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान लगभग 3,325 अध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं अन्य स्टाफ को आग लगने से होने वाली जन-धन की क्षति के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम में अग्निकांड को प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित करने के उपाय, बचाव के तरीके तथा आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी (इवैक्युएशन) की जानकारी दी गई।

विशेषज्ञ टीम द्वारा संस्थानों में लगे अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग एवं संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रतिभागियों को ड्रिल के माध्यम से यह सिखाया गया कि आकस्मिक स्थिति में कैसे शांत रहते हुए स्वयं को सुरक्षित रखें और दूसरों की मदद करें।

अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देकर बड़े नुकसान से भी बचा जा सकता है। अभियान के तहत छात्रों और स्टाफ में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

## लोनी में गैस सिलेंडर चोरी का आतंक: 26 सिलेंडर पार, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल










**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में गैस सिलेंडर चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। ताजा मामला चिरोड़ी-बंछला रोड स्थित 'प्रधान एचपी गैस सर्विस' के गोदाम का है, जहां बीती रात चोरों ने दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 14 गैस सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए।

बताया गया है कि इससे पहले भी इसी गोदाम से 12 गैस सिलेंडर चोरी हो चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल 26 सिलेंडर चोरी हो चुके हैं, जिससे एजेंसी को लगभग 90 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

गोदाम के मैनेजर अनुराग प्रधान के अनुसार, यह गोदाम पिछले 8-10 वर्षों से संचालित हो रहा है और पहली बार इस तरह की घटना सामने आई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में हुई चोरी की शिकायत पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी है। लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में नाराजगी बढ़ रही है और गोदाम संचालकों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हालांकि एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रखी जा रही है, लेकिन सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## सुरक्षा चक्र सख्त: पुलिस मुख्यालय, न्यायालय व कलेक्ट्रेट के आसपास सघन चेकिंग अभियान






**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

यह अभियान पुलिस आयुक्त महोदय के निदेर्शानुसार पुलिस मुख्यालय, न्यायालय परिसर एवं कलेक्ट्रेट के आसपास के क्षेत्रों में संचालित किया गया।

अभियान के दौरान एलआईयू टीम, एंटी सबोटाज टीम, बीडीडीएस टीम एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए क्षेत्र में खड़े सभी प्रकार के वाहनों–दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य–की आकस्मिक एवं सघन जांच की।

पुलिस द्वारा वाहनों की तलाशी के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई, जिससे किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के औचक चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।